सुविचार
जब अपने खफा होने लग जाएं तो आप समझ लेना आप सही राह पर हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 01 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 196 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




08
यामी गौतम की धूम धाम को ओटीटी...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,527.67 |
| निफ्टी | : | 19,753.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,690 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### सावन की चौथी सोमवारी पर बाबा नगरी में उमड़ा श्राद्धालूओं का जनसैलाब

**DEOGHAR :** सावन की चौथी सोमवारी और मलमास की शिवरात्रि पर बाबा वैद्यनाथ के दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुलते ही कतार में लगे भक्तों ने बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण किया। श्रद्धालुओं को पंडित शिवराम झा चौक से कॉरिडोर होते हुए क्यू कॉम्पलेक्स फुटओवर ब्रिज के रास्ते बाबा मंदिर के मंझला खंड में लाकर अरघा के माध्यम से बाबा पर जलार्पण कराया जा रहा है। सावन के पहले 15 दिनों तक कांवरियों की भीड़ से बाबा नगरी पटी रही लेकिन मलमास लगने का बाद श्रद्धालुओं की संख्या कम हो गई थी। ऐसे में सोमवारी पर जुटी भीड़ से यहां के पंडा, पुरोहितों, दुकानदारों व वाहन चालकों के साथ ही सेवा को आतुर शिविर संचालकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।

### रीवा : मंदिर में श्रद्धालुओं पर गिरा बिजली का तार 20 से ज्यादा घायल

**REWS :** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवतालाब के शिव मंदिर में सोमवार को बड़ा हादसा सामने आया है। सावन के चौथे सोमवार को यहां पूजन-अर्चन के दौरान बिजली तार टूट कर श्रद्धालुओं के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में 15 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, श्रावण के चौथे सोमवार को देवतालाब के शिव मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। दोपहर के समय मंदिर में पूजन अर्चन के दौरान यह हादसा हो गया।

### सैन्य जवान के लापता होने के मामले में पुलिस कई लोगों से की पूछताछ

**KULGAM :** कुलगाम से सैन्य जवान के लापता होने के मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक दर्जन लोगों से पूछताछ की है। इस दौरान सेना के जवान जावेद अहमद वानी की कॉल डिटेल की जांच भी की जा रही है। इस बीच सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में जवान की तलाश में व्यापक तलाशी अभियान जारी रखा है। लद्दाख में तैनात सैन्यकर्मी जावेद जावेद अहमद वानी लद्दाख क्षेत्र में तैनात है और वह बकरीद पर छुट्टी पर आया हुआ था।

# विधानसभा में 11988 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

## मॉनसून सत्र के दूसरे दिन भी हंगामा, सत्ता पक्ष ने मणिपुर का मामला उठाया, भाजपा ने हेमंत पर साधा निशाना

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए 11988 करोड़ का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। इसके साथ ही स्पीकर ने सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। मंगलवार से अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। इस बीच भाजपा के विधायकों ने स्थानीय नीति सहित अन्य मुद्दों पर वेल में नारेबाजी की और धरना दिया। इसी हंगामे के बीच शून्यकाल और ध्यानाकर्षण की सूचनाएं ली गईं।



झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सदन के बाहर हंगामा करते सत्ता पक्ष के नेता-मंत्री ● फोटोन न्यूज

### सत्ता पक्ष ने मणिपुर पर मोदी सरकार को घेरा

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन की शुरूआत हंगामे से हुई। सत्ता पक्ष ने दूसरे दिन मणिपुर घटना पर का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने मणिपुर का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अभी मणिपुर से संबंधित केवल कुछ वीडियो ही वायरल हुए हैं। सड़कों पर बहनों-भाइयों को गाजर मूली की तरह कटा जाता है, बहनों के साथ दुष्कर्म हो रहा है। ये बिलकुल स्वीकार्य नहीं है। इन सब की जिम्मेदार मोदी सरकार है। प्रदीप यादव ने वित्त विभाग से केंद्र सरकार से राज्य के 35000 करोड़ बकाया राशि और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की देय राशि की मांग को दोहराया और उनसे पूछना चाहा कि केंद्र सरकार से इस राशि की वसूली के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है या नहीं, इसके जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर रामेश्वर उरांव ने कहा कि केंद्र से बातचीत चल रही है। वहीं माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने गृह कार्य और आपदा प्रबंधन विभाग से पूछा कि साल 2022 में महिला अत्याचार से संबंधित 2366 ट्रायल फेल हो गए हैं और 2662 आरोपी बरी हो गए। दुष्कर्म और पॉक्सो में सजा की दर 25 प्रतिशत से कम है। साथ ही उन्होंने राज्य के 90 प्रतिशत थानों में एक भी महिला दारोगा का पद स्थापित नहीं है, इस मुद्दे को भी उठाया। प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने इस पर कहा कि नियमानुसार कार्य हो रहा है। इस बीच भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि 2024 में आ गई है आई.एन.डी.आई.ए (इंडिया) और नरेन्द्र मोदी जी गए। हम बहनों को इंसाफ दिलाएंगे। इसके बाद सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से हंगामा होने लगा।

## भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन, नियोजन नीति पर सीएम हेमंत सोरेन से मांगा इस्तीफा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफे की मांग कर दी। विधायकों ने विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हाथों में तख्ती लिए सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रहे भाजपा विधायकों ने सरकार को नियोजन नीति के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक अनंत कुमार ओझा ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव के वक्त राज्य के युवाओं से यह वादा करके आई थी कि पांच लाख नौकरी देंगे। लेकिन सत्ता में बैठते ही यह सरकार अपने इस चुनावी वादे को भूल गई। आज स्थिति यह है कि राज्य के युवा सड़कों पर हैं और आंदोलन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अमित मंडल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नियोजन नीति के मुद्दे पर सरकार ने युवाओं को सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम किया है। राज्य में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें कई तरह की खामियां हैं। एक तरफ राज्य में टेट परीक्षा नियमित रूप से नहीं हो रही है, वहीं दूसरी ओर राज्य के सीटेट पास अभ्यर्थियों को मौका देने से वंचित किया गया है। उनके भविष्य के लिए सरकार को कोई चिंता नहीं है। ऐसे में विपक्ष में होने के नाते भाजपा चुप नहीं बैठेगी।

# लैंड स्कैम मामले में कारोबारी विष्णु अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

## लंबी पूछताछ के बाद अग्रवाल को एजेंसी ने लिया शिकंजे में

**CRIME REPORTER RANCHI :** कारोबारी विष्णु अग्रवाल सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल ऑफिस में शाम 4.15 बजे पहुंचे। जिसके बाद ईडी के अधिकारियों के द्वारा पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने विष्णु अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले ईडी ने विष्णु अग्रवाल को बीते 26 जुलाई को उपस्थित होने को कहा था, लेकिन वो ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। उन्होंने ईमेल के माध्यम से बताया कि आज उनके घर पर पूजा हो रही है, इसलिए वह आज उपस्थित नहीं हो पाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने 10 दिनों की


ईडी ऑफिस पहुंचे विष्णु अग्रवाल।

मोहलत मांगी थी। जिसके बाद ईडी ने फिर से समन जारी करते हुए 31 जुलाई को हाजिर होने का आदेश दिया था।

**इन मामलों में हुई पूछताछ :** विष्णु अग्रवाल से चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री के सिलसिले में पूछताछ की गई। आरोप है कि उक्त जमीन की खरीद-बिक्री कोलकाता के रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर तैयार किये गये फर्जी कागजात के आधार पर की गयी है। जमीन की इस खरीद-बिक्री में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री करनेवाले गिरोह के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। फॉरेंसिक जांच में इस जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ किये जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा पुगड्डु में 9.30 एकड़ जमीन को लेकर भी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की गई।

### हंगामे के बीच सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 लोकसभा में भी पारित

**NEW DELHI :** लोकसभा ने सोमवार को सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 पारित कर दिया। सिनेमैटोग्राफ (चलचित्र) संशोधन विधेयक का उद्देश्य फिल्म पायरेसी को रोकने और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा दिए गए आयु-आधारित प्रमाणन में सुधार के साथ-साथ सभी प्लेटफार्मों पर फिल्मों और सामग्री के वर्गीकरण में एकरूपता लाना है। सोमवार को लोकसभा में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सदन के पटल पर सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 पर विचार करने और पारित करने के लिए पेश किया था। सदन में इस विधेयक पर चर्चा के बाद बयान देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस विधेयक का पारित होना बहुत महत्वपूर्ण है।

# ब्रजमंडल यात्रा पर पथराव, थाने में आगजनी, दो होमगार्ड जवानों की मौत

## हरियाणा के नूंह में टकराव के बाद धारा 144 लागू, इंटरनेट बंद

**AGENCY NUH :** हरियाणा के नूंह में सोमवार को हिंदू संगठनों द्वारा निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा के दौरान बवाल हो गया। दो गुटों में हुए टकराव के बाद तीन दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी गई। पुलिस पर भी पथराव किया गया। गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर कला रामचंद्रन के अनुसार, हिंसा में 2 होमगार्ड जवानों की मौत हो गई जबकि 10 पुलिसवाले घायल हुए हैं। कहा जा रहा है कि एक होमगार्ड जवान की मौत भीड़ की तरफ से चली गोली लगने से हुई। हिंसा में कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। मेवात के डीएसपी सज्जन सिंह के सिर


हरियाणा के नूंह में भारी बवाल के बाद तैनात पुलिस बल ● एजेंसी

में गंभीर चोट लगी है। गुरुग्राम क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अनिल के पेट में गोली लगी है। उपद्रवियों ने नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हंगामे को देख पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। मेवात के कस्बे नगीना और फिरोजपुर-झिरका में भी कई जगह आगजनी की गई। इससे पहले उपद्रवियों ने स्कूल बस में भी तोड़फोड़ की थी। बस में बच्चे थे या नहीं, ये साफ नहीं हो पाया। बस को उपद्रवी लूट ले गए और थाने को तोड़ने के लिए उसकी दीवार में टक्कर मार दी।

# लालू परिवार की 6 करोड़ की संपत्ति को ईडी ने किया जब्त

## सात अगस्त को होगी अगली सुनवाई

**AGENCY PATNA :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की 6 करोड़ 2 लाख रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। इसमें गाजियाबाद और बिहार की सभी संपत्ति शामिल हैं। ईडी ने लैंड फॉर जॉब्स केस में ये कार्रवाई की है। इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी और बेटियां मीसा, हेमा से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। लैंड फॉर जॉब केस की नई चार्जशीट में लालू और राबड़ी के साथ तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया गया है। इस केस में तेजस्वी समेत कुल 17 लोग आरोपी हैं। इनमें कई अन्य नए बिचौलियों के नामों को भी शामिल किया गया है। सीबीआई की तरफ से लैंड फॉर जॉब केस में पिछले साल 7 अक्टूबर को एक चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस आरोप पत्र के आधार पर सीबीआई की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई भी हुई। सीबीआई सूत्रों की माने तो सप्लिमेंट्री की जगह पूरी तरह फ्रेश चार्जशीट दाखिल की गई है।

### बीएसएफ ने जम्मू-कश्मीर में घुसपैठिये को मार गिराया

**SRINAGAR :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू-कश्मीर में सीमापार से घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया। बीएसएफ के जवानों ने आरएस पुरा के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर देररात घुसपैठिये को मार गिराया। इसके बाद जवानों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान तेज कर दिया। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि सतर्क सीमा रक्षकों ने इस घुसपैठिए को बार-बार चेताया। घुसपैठिये ने हर बार चेतावनी को नजरअंदाज किया। वह देररात करीब 1:50 बजे अरनिया सेक्टर में जबोवाल सीमा चौकी के पास सीमा बाड़ को पार कर चकमा देने के लिए इधर-उधर भागने लगा।

# कानपुर में स्कूल के अंदर सहपाठी को मार डाला

## मृतक 10वीं कक्षा का छात्र, साथी ने कक्षा के अंदर ही चाकू से गोदा

**AGENCY KANPUR :** कानपुर के न्यू आजाद नगर स्थित प्रयाग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को 10वीं के स्टूडेंट की उसके साथी ने क्लास के अंदर ही चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच शनिवार को लड़की से बातचीत को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक नीलेंद्र तिवारी की उम्र 15 साल और आरोपी की उम्र 13 साल है। शनिवार को दोस्तों ने उनका झगड़ा शांत करा दिया था, लेकिन सोमवार को क्लास में उनके बीच फिर टकराव हो गया। छात्रों ने बताया कि आरोपी और नीलेंद्र की अच्छी दोस्ती थी। हाल ही में साथ में पढ़ने वाली एक लड़की से


मृतक नीलेंद्र तिवारी की फाइल फोटो।

नीलेंद्र की बातचीत होने लगी। आरोपी को यह पसंद नहीं आया। आरोपी इसी बात से नीलेंद्र से नाराज था। आरोपी सोमवार को बैग में चाकू रखकर लाया था। उसने नीलेंद्र के पेट और गले पर कई वार कर दिए। इससे क्लास में चीख-पुकार मच गई। स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा, तो नीलेंद्र तिवारी खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। आनन-फानन में पहले उसे बिधनू के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्कूल में पहुंचकर आरोपी छात्र से पूछताछ शुरू की है। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें छात्र को तख्त के पाए से बांधा गया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि नीलेंद्र ने आरोपी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसी के चलते आरोपी बहुत डरा हुआ था। इसके बाद आरोपी ने नीलेंद्र की हत्या का प्लान बनाया। घर से ही चाकू लेकर स्कूल पहुंचा और घात लगाकर बैठा रहा। लंच के दौरान नीलेंद्र को दबोचकर जमीन पर गिरा दिया। गर्दन पर इतने वार किए कि नीलेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हैलट के डॉक्टरों ने बताया कि छात्र की सांस की नली कट जाने से उसकी मौत हुई। सांस की नली में चाकू के पांच गंभीर घाव मिले हैं। बिधनू थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में रहने वाले जितेंद्र तिवारी ने बताया कि वह जरीब चौकी स्थित एक प्राइवेट फर्म में नौकरी करते हैं। नीलेंद्र उनका इकलौता बेटा था। घर में पत्नी निधि और बेटी राधिका है। बेटी भी भाई के स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा है।

## राज्य में यौन उत्पीड़न और हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए कमेटी बनाएगा SC

# निर्भया केस से भी भीषण मणिपुर रेप कांड : CJI

**AGENCY NEW DELHI :** मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और हिंसा की घटनाओं पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होंने हिंसा के मामलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक समिति के गठन की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए सीबीआई और एसआईटी पर ही भरोसा करना काफी नहीं होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को न्याय मिल सके। पहले ही काफी समय गुजर चुका है। तीन महीने बीत चुके हैं और लोग अब तक न्याय के इंतजार में हैं। कोई प्रक्रिया तक शुरू नहीं हुई है। चीफ जस्टिस ने हिंसा और यौन उत्पीड़न के मामलों को निर्भया केस से ज्यादा गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्भया केस जैसी स्थिति नहीं है, जिसमें एक गैंगरेप हुआ था। वह भी भीषण था, लेकिन यह एकदम अलग केस है। हम यहां व्यवस्थागत हिंसा से निपटने की बात कर रहे हैं, जिस पर आईपीसी में एक अलग ही अपराध माना गया है। इसलिए हमें प्रशासन में लोगों का भरोसा जताने के लिए कोर्ट द्वारा नियुक्त एक समिति बनानी होगी। इसमें वे लोग शामिल होंगे, जिनका कोई राजनीतिक जुड़ाव किसी से नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समिति में कुछ जजों को शामिल किया जाएगा, जिनमें



### आज भी सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

मणिपुर में महिलाओं की निर्वस्त्र परेड कराए जाने के केस में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (31 जुलाई) को सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि 3 मई को हिंसा शुरू होने के बाद अब तक कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। अदालत ने कहा कि यह इकलौती घटना नहीं है। दूसरी महिलाओं के साथ भी ऐसा हुआ। हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा जैसे गंभीर मसले के लिए एक मैकेनिज्म बनाना होगा। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार (1 अगस्त) को भी इस मामले की सुनवाई करेगा। दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने इस मामले की सीबीआई जांच का विरोध किया। कुकी समुदाय की ओर से वरिष्ठ वकील कोलिन गोंजाल्वेज ने कहा कि इस मामले की जांच एसआईटी करे। इसमें रिडायर्ड डीजीपी को शामिल किया जाए। सभी पीड़ित महिलाओं की ओर से वरिष्ठ वकील इंदिरा जय सिंह ने कहा कि इस मामले की जांच एक हाई पावर कमेटी करे। इनमें ऐसे केस देखने वाली महिलाओं को शामिल किया जाए। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें 'एक्स' और 'वाई' नाम से संबोधित किया गया है।

### अंजू के पाकिस्तान जाने की जांच करेगी स्पेशल ब्रांच, आदेश जारी

**BHOPAL :** ग्वालियर की अंजू थॉमस के पाकिस्तान जाने की जांच अब मध्य प्रदेश पुलिस की स्पेशल ब्रांच करेगी। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इसके आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 'पाकिस्तान में अंजू की जिस तरह आवभगत हो रही है, लोग उससे मिल रहे हैं, उससे कहीं न कहीं संदेह को बल मिलता है। गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने सोमवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए अंजू की जिस तरह से पाकिस्तान में आवभगत हो रही है, उपहार मिल रहे हैं, उससे कई संदेह जन्म लेते हैं और इसलिए स्पेशल ब्रांच को मामले की सूक्ष्मता से परीक्षण करने को कहा गया है।

# मुंबई में चलती ट्रेन में FIRING, चार की मौत

**AGENCY MUMBAI :** मुंबई में विरार स्टेशन के पास जयपुर से मुंबई जा रही ट्रेन में की गई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में सहायक पुलिस निरीक्षक टीका राम भी शामिल है। इस घटना के बाद आरोपित आरपीएफ कांस्टेबल चेतन कुमार को दहिसर में गिरफ्तार कर लिया गया। बोरीवली रेलवे पुलिस घटना की जांच कर रही है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने मीडिया को बताया कि जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस के बी-5 बोगी में सोमवार सुबह 5:23 बजे फायरिंग की गई । आरपीएफ के पुलिस कांस्टेबल चेतन कुमार ने सहायक पुलिस निरीक्षक टीकाराम को गोली मार दी । बीच बचाव करने वाले तीन यात्रियों की भी गोली लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद आरोपित कांस्टेबल ने दहिसर स्टेशन पर चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका और फरार होने का प्रयास करने लगा। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । बोरीवली रेलवे पुलिस ने सभी के शव शताब्दी अस्पताल भेज दिए हैं।

बताया गया है कि इस ट्रेन में सहायक पुलिस निरीक्षक टीकाराम की टीम ने सूरत स्टेशन से ड्यूटी ज्वाइन की।

BRIEF NEWS

## पीएम आज पुणे में करेंगे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पुणे में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसी दिन प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार हाथों लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री के पुणे दौरे को लेकर प्रशासकीय स्तर पर व्यापक तैयारी की गई हैं। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मंगलवार को पुणे पहुंचने के बाद सुबह 11 बजे दगडूशेठ गणपति मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद अराह्न 11.45 बजे प्रधानमंत्री को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके बाद 12.45 बजे प्रधानमंत्री पुणे की मेट्रो रेल को हरी झंडी दिखाएंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

## मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कार्यरत विशेष शाखा के इंस्पेक्टर को दी गई विदाई

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कार्यरत विशेष शाखा के इंस्पेक्टर सुनील टोपनो की सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मुख्यमंत्री ने सुनील टोपनो की कर्तव्यनिष्ठा एवं व्यक्तित्व की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

## हेमंत सोरेन से मिले योगदा सत्संग आश्रम के स्वामी ईश्वरानंद

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में योगदा सत्संग आश्रम रांची के स्वामी ईश्वरानंद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मौके पर मुख्यमंत्री को स्वामी ईश्वरानंद ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर स्वामी निश्चलानंद एवं स्वामी आदित्यानंद उपस्थित थे।

## सीएम से मिला झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सोमवार को झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने आगामी 23 अगस्त से 27 अगस्त तक खेलगांव (होटवार) में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर स्वर्ण पदक विजेता किक बॉक्सिंग खिलाड़ी प्रवीण कुमार ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन एवं मेडल प्राप्त करने के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक मथुरा महतो, झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव विपुल मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारत और मलावी के बीच सौहार्द्रपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं : ओम बिरला

**NEW DELHI :** मलावी की नेशनल असेंबली की स्पीकर कैथरीन गोटानी हारा के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का संसद भवन में स्वागत करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत और मलावी के बीच सौहार्द्रपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रेसीडेंट लजारस मैकार्थी चकवेरा के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं। मलावी में जून, 2020 में राष्ट्रपति के निर्वाचन के बाद सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण की सराहना करते हुए बिरला ने आशा व्यक्त की कि इससे मलावी में संवैधानिक संस्थाएं और मजबूत होंगी तथा लोकतंत्र और सशक्त होगा।

# सीएम सोरेन ने विधानसभा परिसर में किया पौधरोपण, जलवायु परिवर्तन पर जतायी चिंता

## वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित, बोले हेमंत- स्वयं भी वृक्ष लगाएं, दूसरों को भी करें प्रेरित

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित 74वें राज्यव्यापी वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक व्यवस्थाओं के साथ छेड़छाड़ जलवायु परिवर्तन का मूल कारण है। इसलिए स्वयं भी पौधे लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रदेश में वन महोत्सव का राज्यव्यापी कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम राज्य की अलग-अलग जगहों पर निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज हम सभी लोग झारखंड विधानसभा परिसर में पूर्व की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन को लेकर देश और दुनिया में तेजी से चिंतन और मंथन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं न कहीं प्राकृतिक व्यवस्थाओं के साथ बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ किया जाना अथवा दोहन होना जलवायु परिवर्तन का मूल कारण है। क्लाइमेट चेंज से मानव जीवन हो, वन्य प्राणी हो, जल प्राणी हो, चाहे इस पृथ्वी पर पाए जाने वाले अन्य प्राणी हो, सभी प्रभावित होते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में यह जरूरी है कि पर्यावरण संतुलन को लेकर सिर्फ महोत्सव में ही नहीं बल्कि आम जीवन में भी प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत तथा नीतिगत रूप से प्रभावी कदम उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा परिसर में यह वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ है। जहां हम सभी लोग एकत्रित हुए हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों से अपील की है कि वे एक-एक पौधे अपनी ओर से जरूर लगाएं तथा उस वृक्ष को संरक्षित भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सभी लोग वृक्ष लगाएंगे, दूसरों को भी वृक्ष लगाने को लेकर जागरूक करेंगे तब धीरे-धीरे ही सही पर एक बड़ा बदलाव निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे, तभी पर्यावरण संतुलन में सकारात्मक प्रभाव दिखेगा। झारखंड विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री चम्पई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख सहित उपस्थित सभी विधायकगण एवं अन्य अतिथियों द्वारा इस अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एल खियांग्ते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



74वें राज्यव्यापी वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य।



विधानसभा में आयोजित 74वें राज्यव्यापी वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम में पौधरोपन करते सीएम हेमंत सोरेन।



## परिषद अध्यक्ष मिले बाबूलाल मरांडी से, दी बधाई

**RANCHI :** क्षेत्रीय जनविकास परिषद के अध्यक्ष दयानंद मिश्रा प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को मिलकर बधाई दी। उन्होंने बाबूलाल मरांडी सरीखे संगठन क्षमता मे कुशल व्यक्ति को प्रदेश के संगठन का बागडोर सौपने पर केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निराकर मे भाजपा मरांडी साहब के नेतृत्व मे एक मुकाम हासिल करेगी और संगठन की सक्रियता देखने लायक होगी।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने पीएम से की मुलाकात



**NEW DELHI :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री धामी ने मुलाकात की तस्वीरें ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से जल, थल और नभ में भारत के सामर्थ्य का परचम लहराने वाले सशक्त और शक्तिशाली भारत के शिल्पकार, विश्वपटल पर भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के संवाहक, जन-जन के दिल में बसे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी से नई दिल्ली में भेंट की।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की नई कमिटी का गठन सुनील प्रदेश अध्यक्ष व हरिनाथ बने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**PHOTON NEWS KANKE :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की झारखंड प्रदेश की नई कमिटी का गठन हो गई है। कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता के द्वारा झारखंड प्रदेश पदाधिकारियों का पहली सूची जारी किया है, जिसमे सुनील साहू को प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कांके निवासी हरिनाथ साहू को मनोनीत किया गया है। पिछले दो वर्षों से सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए समाजिक जन जागरण अभियान के लिए निरंतर प्रयास को देखते हुए कमिटी को 3 वर्षों के लिए पुनः मनोनयन किया गया है। हरिनाथ साहू को राष्ट्रीय तेली महासंघठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर रांची जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू, बेनी साहू, कांके जिला परिषद सदस्य किरण देवी, दीपक कुमार, बुढ़मू से मीडिया प्रभारी संजय साहू, कार्यवाहक कार्यकारी जिला अध्यक्ष अजीत साहू, मुरारी गुप्ता, रामविलास साहू, शत्रुघ्न साहू, महामंत्री हीरालाल साहू, आशीष कुमार, डॉ.दानेश्वर साहू, उप मुखिया जितेंद्र साहू, कांके प्रखंड के कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज साहू, बलदेव साहू, धनकू साहू, अरुण साहू, मनोज साहू, संदीप साहू, अनिल साहू, युवा नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, रामानंद ठाकुर,कांके विधानसभा दलित युवा संघ के मुकुल नायक, रेखा देवी, झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेनू साहू, कुर्मी विकास परिषद के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र महतो जी,जिला अध्यक्ष राजकुमार महतो, आदिवासी लोहरा विकास परिषद के गणेश लोहरा कुम्हार विकास समिति के केंद्रीय नेता जनक प्रजापति ,मुकेश प्रजापति, उप मुखिया गौरी शंकर प्रजापति सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने अपना शुभकामना एवं बधाई दी है।



# राज्यपाल ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया भ्रमण, छात्राओं से किया संवाद

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को ओरमांझी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भ्रमण किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ओरमांझी के परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय भी अवस्थित है, वर्तमान में वहां अध्ययनरत छात्राएं साथ में ही शिक्षा ग्रहण कर रही है। राज्यपाल ने वहां एक से कक्षा 12 तक जाकर सभी छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें कड़ी मेहनत एवं समर्पण के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं के रीडिंग स्किल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बच्चों में नेत्रदोष की भी समस्या होती है और वे ठीक से देख नहीं पाते हैं, जिससे उन्हें पढ़ने में असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आई कैंप लगाकर बच्चों के आंखों की जांच भी की जानी चाहिए। कक्षा 10 के छात्राओं से उन्होंने उनकी परीक्षा की तैयारी के संदर्भ में पूछा। कक्षा 12 के छात्राओं से पूछा की आगे वे जीवन में क्या करना चाहते हैं।

बाल संसद की एक छात्रा ने राज्यपाल से अपनी जीवनी बताने के लिए आग्रह किया। राज्यपाल ने बच्चों को अपने गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ने, दो बार सांसद रहने से लेकर राज्यपाल के पद पर पदभार ग्रहण करने तक के संघर्ष की कहानी भी सुनाई। उन्होंने छात्राओं से कहा कि दिनचर्या निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करें। सफलता अवश्य मिलेगी।



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं से संवाद करते राज्यपाल।

## जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें : गवर्नर

**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छात्राओं से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आप सभी लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि समयबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या का अनुशासित भाव से पालन करें। इसके साथ-साथ कठिन मेहनत, एकाग्रता एवं उत्साह का होना भी आवश्यक है। राज्यपाल सोमवार को कांके स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपनी दिनचर्या के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। पढ़ाई के समय पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान दें। यदि खेल रहें है तो सिर्फ खेल पर ध्यान दें। पढ़ाई के समय यदि कोई विषय समझ में नहीं आए तो अन्य विषय पर ध्यान केन्द्रित करें, जो विषय समझ में नहीं आया है उसे अपने शिक्षक के समक्ष रखे और अपनी दुविधा को दूर करें।

# झारखंड के माननीयों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला यू-ट्यूबर गढ़वा से गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GARHWA :** सीएम, स्पीकर और मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला यू ट्यूबर को गिरफ्तार कर लिया गया है। रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए भौकाल यू ट्यूब चैनल के रिपोर्टर मीकू खान को गढ़वा से गिरफ्तार किया है। गौरतलब कि सीएम हेमंत सोरेन, स्पीकर रविंद्र नाथ महतो और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बारे में सोशल मीडिया पर अमर्यादित और आपतिजनक तथ्यों को प्रचारित करने को लेकर अरगोड़ा थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। यह शिकायत जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने बीते 29 जुलाई को की थी। थाना में दर्ज शिकायत में कहा गया है कि सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा स्पीकर रविंद्र नाथ महतो और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बारे में आपतिजनक, अनर्गल एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो अपलोड किया गया है। जो किसी भौकाल टीवी के नाम के यूट्यूब चैनल के नाम से प्रसारित किया जा रहा है। उस वीडियो में मुख्यमंत्री का नाम लेकर काफी अनुवादित एवं अपमानजनक साक्ष्य पेश कियाा गया है, जो बहुत ही आपतिजनक एवं खेद का विषय है। इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी एवं आपत्तिजनक तथ्यों से अमन चैन एवं सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे झारखंडवासी मर्माहत है। इसको लेकर पार्टी के कार्यकताओं में काफी रोष और आक्रोश है। इस तरह से आपतिजनक तथ्यों का प्रसारण करके तमाम झारखंडियों एवं पार्टी कार्यकताओं की भावनाओं को आहत करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इससे राज्य में अशांति फैलने का खतरा है।



गिरफ्तार आरोपी के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी ● फोटोन न्यूज

## मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल पर दी जानकारी

# केंद्र सरकार ने नवजात शिशुओं के आहार के लिए झारखंड को दिए 397 CRORE

**PHOTON NEWS RANCHI :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन चलने वाले अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के तहत विगत तीन वर्षों में झारखंड को भारत सरकार की ओर से 397 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि के माध्यम से गर्भवती और शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल, उन्हें पौष्टिक आहार, विशेष पूरक आहार प्रदान किया जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ के सवाल पर दी। सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि सरकार ने गर्भवती और शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए पौष्टिक और विशेष पूरक आहार प्रदान करने का क्या प्रावधान किया है? विगत तीन वर्षों में इस योजना के लिए झारखंड सहित अन्य राज्यों को कितनी राशि दी गई है? इसके अलावे झारखंड में इसके लाभार्थियों की संख्या क्या है? इसी सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को घर ले जाने के लिए उनके स्वास्थ्य के अनुरूप भोजन पदार्थ उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मोटे अनाजों की पोषण संबंधी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी सेवाओं के अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यंजनों में मोटे अनाजों को शामिल करने की सलाह दी गई है। मिशन पोषण - 2 के दिशा निदेशों के अंतर्गत सप्ताह में कम से कम एक बार अनुपूरक पोषण में मोटे अनाजों को अनिवार्य रूप से शामिल करने की सलाह भी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि इसके लिए भारत सरकार पूरी तरह से गंभीर होकर कार्य कर रही है विगत तीन वर्षों में अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के तहत झारखंड को जो राशि उपलब्ध कराई गई उसके अनुसार वर्ष 2021- 22 में 175 करोड़, 2022-23 में 164 करोड़ और 2023-24 में अब तक 55 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि ऐसी योजनाओं से लाभ लेने वालों की संख्या झारखंड में अच्छी खासी है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण कार्यक्रम के तहत 0 से छह माह के 138401 बच्चे, छह माह से तीन वर्ष के 1507659 बच्चे, तीन से छह वर्ष के 1515258 बच्चे, इसके अलावा 237945 गर्भवती महिलाएं और 149590 स्तनपान कराने वाली माताएं शामिल हैं।



## नहीं रहे वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा, सांसद विधायक सहित कई लोगों ने जताई संवेदना

**KHUNTI :** खूंटी के जानेमाने अधिवक्ता और नॉटरी पब्लिक लक्ष्मीकांत शर्मा का निधन रविवार की रात उनके खूंटी स्थित आवास में हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही खूंटी और कचहरी परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। सहसा किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि हमेशा हंसमुख रहनेवाले मिलनसार अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा हमारे बीच नहीं रहे। लक्ष्मीकांत खूंटी के प्रख्यात चिकित्सक डॉ मन्मथ नाथ शर्मा के पुत्र और डॉ श्रीकांत शर्मा के अनुज थे। वे मूलरूप से कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग के रहने वाले थे। 67 वर्षीय लक्ष्मीकांत शर्मा पिछले 35 वर्षों से खूंटी कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे। वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं।

# परगनैत को हर माह मिलेगी तीन हजार की सम्मान राशि

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद आदिवासी सामाजिक व्यवस्था को गांव-पंचायत स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने वाले संथाल परगना के परगनैत को मानकी की तरह प्रति माह तीन हजार रुपये सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त एवं आयुक्त दुमका की अनुशंसा के आलोक में संथाल परगना के विभिन्न जिले के परगनैत को मानकी के अनुमान्य मानदेय देने के विषय पर अपना अनुमोदन दे दिया है। वर्तमान में मानकी को प्रतिमाह तीन हजार रुपये, मुण्डा एवं ग्राम प्रधान को प्रतिमाह दो हजार रुपये तथा डकुआ, परगणैत, पराणिक, जोग मांझी, कुडाम नायकी, नायकी, गोडैत, मूल रैयत, पड़हा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घाटवाल, तावेदार तथा ग्रामीण दिउरी (पुजारी) को प्रतिमाह एक हजार रुपये सम्मान राशि का भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले फरवरी 2022 में गिरिडीह जिला के पीरटांड़ में निवास करने वाले मांझी हडाम, जोग मांझी, पराणिक, नायके बाबा, कुड़ाम नायके को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रतिमाह एक हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में भुगतान करने का आदेश दिया था। राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के उपरांत पीरटांड़ के 177 मांझी हडाम, 179 जोग मांझी, 143 पराणिक, 78 एवं 120 कुड़ाम नायके को सम्मान राशि प्राप्त हो रही है। मालूम हो कि उपरोक्त सभी 697 लोगों का नाम पूर्व में छूट गया था।



# राष्ट्रीय धरोहर के मापदंडों को पूरा नहीं करता ब्रह्म मंदिर, हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

## टैगोर हिल की मरम्मत व मेंटेनेंस के लिए सरकार ने स्वीकृत किए 69 लाख 30 हजार रुपये


टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर।

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि टैगोर हिल का ब्रह्म मंदिर राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने योग्य नहीं है, इसके लिए कुछ मापदंड होते हैं, जो ब्रह्म मंदिर पूरा नहीं करता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया की भारतीय पुरातत्व विभाग के अप्रूवल के बाद टैगोर हिल के मरम्मत एवं मेंटेनेंस के लिए 69 लाख 30 हजार रुपए राज्य सरकार ने स्वीकृत कर दिया है। राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार, केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने इनसे पूछा था की टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं ? प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर 113 साल पुराना है। जिसे गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई ज्योतिंद्र नाथ टैगोर ने बनवाया है। यह ब्रह्म मंदिर आज जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है और टूट रहा है।

## BRIEF NEWS

### तिरंगे के साथ छेड़छाड़ मामले में एफआइआर दर्ज

**RANCHI :** रांची में तिरंगे के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में सोमवार को डेली मार्केट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। मुहर्रम जुलूस में प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट राणा बड़ाइक ने डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। आईपीसी की धारा 147, 153(ए), 153(बी), 120(बी), 2 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने बताया कि मामले को लेकर सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। सभी अखाड़ा संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा और पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। वायरल वीडियो में देखा गया कि मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) के साथ छेड़छाड़ की गयी थी। राष्ट्रीय ध्वज का रंग तो वही था। लेकिन तिरंगे के बीच के अशोक चक्र को हटाकर वहां कुछ और लिखा हुआ था। लोगों ने जब तिरंगे में बदलाव देखा, तो उसका वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

### ओक फॉरेस्ट अपार्टमेंट में लगी आग, अफरा-तफरी

**RANCHI :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पुंदाग रोड स्थित एक बहुमंजिला ओक फॉरेस्ट अपार्टमेंट में आज सोमवार को आग लग गयी। शॉर्ट सर्किट की वजह से बिल्डिंग के बेसमेंट में आग लगी है। इस अगलगी से अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गयी। आसपास के लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अभी तक किसी भी तरह के नुकसान का आकलन नहीं किया गया है।

### प्रेस क्लब में इमा कराटे शाखा का उद्घाटन 6 को

**RANCHI :** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा एवं प्रेस क्लब रांची के संयुक्त तत्वावधान में 6 अगस्त को प्रेस क्लब सभागार में इमा कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन सुबह 11 बजे किया जाएगा। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी। बताया कि 6 अगस्त से प्रेस क्लब में इमा की नई शाखा का उद्घाटन प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र के द्वारा किया जाएगा। इस कराटे शाखा के खुलने से मोरहाबादी, करम टोली, कांके, बरियातू के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण लेने में सुविधा होगी। इस शाखा में हर आयु वर्ग के लोग प्रशिक्षण ले सकेंगे।

### उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की रिम्स में मौत

**RANCHI :** आजीवन कारावास की सजा काट रहे 45 साल के कैदी कारू हेंब्रम की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। वह देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के सरपत्ता का रहने वाला था। बंदी को केंद्रीय कारा दुमका में तबीयत खराब होने के बाद बेहतर इलाज के लिए 20 जुलाई को रिम्स रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में किया जाएगा, ताकि वांछित प्रतिवेदन राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली को भेजा जा सके।

### उत्पाद विभाग के 15 अफसरों का हुआ तबादला

**RANCHI :** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 15 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना सरकार के संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को जारी कर दी है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## DEOGHAR AIRPORT के आसपास की बिल्डिंग टूटने से होने वाले नफा नुकसान के लिए डीसी नियुक्त करें असेसर, 15 दिनों में कोर्ट में सौंपे रिपोर्ट

**RANCHI :** देवघर एयरपोर्ट में नाइट लेंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने देवघर डीसी को निर्देश दिया देवघर एयरपोर्ट के आसपास के जो सात ऊंचे भवन टूटने हैं, उनके नफा- नुकसान की जांच पड़ताल करने के लिए असेसर नियुक्त करें, यह असेसर 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट दें। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 4 सितंबर निर्धारित की। इससे पहले कोर्ट को बताया गया कि केंद्र सरकार की ओर से जिन भवनों को तोड़ा जाना है, उनके नफा नुकसान की जांच को लेकर एक व्यक्ति की नियुक्ति करने को लेकर देवघर डीसी को पत्र लिखा गया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने एवं केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि देवघर एयरपोर्ट के आस-पास की 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ा जाना है, इन भवनों के मालिक को कितना नफा नुकसान होगा, इसका भी आकलन जरूरी है, ताकि उन्हें सही मुआवजा मिल सके। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड को निर्देश दिया था कि वह डीसी देवघर को पत्र लिखकर जिनके मकान टूटेंगे उनके लॉस का एसेसमेंट करने के लिए एक व्यक्ति की नियुक्ति के लिए अनुरोध करें। बता दें कि देवघर एयरपोर्ट के आसपास के 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने को लेकर देवघर जिला प्रशासन की ओर से मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से देवघर एयरपोर्ट के सुचारू ढंग से संचालन करने एवं वहां नाइट लैंडिंग की सुविधा देने को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

## राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया- जेलों में की गई है चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

**RANCHI :** राज्य के जेलों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों आदि के रिक्त पदों को भरने को लेकर पीपुल यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के सरकारी अस्पतालों से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति जेलों में की गई है। जिस जेल में चिकित्सकों की कमी थी वहां प्रतिनियुक्ति पर चिकित्सक भेज दिए गए हैं। कोर्ट ने इस जनहित याचिका को जेल से संबंधित एक अन्य जनहित याचिका के साथ संलग्न करते हुए मामले की सुनवाई 28 अगस्त निर्धारित की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

## अफसर अली की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**RANCHI :** सेना के कब्जे वाली जमीन और रांची के अन्य भूखंडों की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत पर ईडी कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई के दौरान अफसर अली की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कहा कि अफसर अली पर मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप है। लेकिन उसके पास से एक रुपये की भी बरामदगी नहीं हुई है। इस पर ईडी के अधिवक्ता ने कहा कि लैंड स्कैम में अफसर अली की भूमिका सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान उसके पास से 26 अलग-अलग भूमि की डीड बरामद हुई है, जो फर्जी है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। अफसर अली की ओर से अधिवक्ता शंभु अग्रवाल ने बहस की। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

उल्लेखनीय है कि लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

## पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने वापस ली जनहित याचिका

**RANCHI :** रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी द्वारा दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार एवं रामगढ़ मिलिट्री कंटेनमेंट की ओर से कोर्ट को बताया गया प्रार्थी ने अपने ऊपर दर्ज एफआईआर एवं आरोपों के बारे में कोई जानकारी जनहित याचिका के दौरान नहीं दी है। इसलिए इनकी याचिका खारिज की जानी चाहिए। राज्य सरकार का जवाब सुनने के बाद कोर्ट ने प्रार्थी द्वारा अपना क्रेडेंशियल की जानकारी नहीं देने पर नाराजगी जताई, जिसके बाद प्रार्थी ने केस वापस ले लिया। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

## कृष्णा साहा की जमानत पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**RANCHI :** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी और साहिबगंज के खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब कृष्णा की जमानत पर अगली सुनवाई की तिथि 10 अगस्त को होगी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। उल्लेखनीय है कि ईडी ने एक हजार करोड़ के अवैध खनन से जुड़े केस में साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को छह जून को गिरफ्तार किया था।

## दुष्कर्म के आरोपी को मिला संदेह का लाभ, कोर्ट ने किया बरी

**RANCHI :** रांची सिविल कोर्ट स्थित प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रोम सेक्सुअल ऑफेंसेस (पॉक्सो) की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश आसिफ इकबाल की कोर्ट ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को संदेह के लाभ में बरी कर दिया गया। अभियोजन पक्ष यानि केस करने वाली नाबालिग लड़की की ओर से आरोप साबित करने के लिए कुल 5 गवाह प्रस्तुत किये गए, लेकिन वह ये साबित नहीं कर पाए कि आरोपी युवक अविनाश ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। वहीं बचाव पक्ष की ओर से एक भी गवाह प्रस्तुत नहीं किया गया।

## सिल्की गुरुंग हत्याकांड के दोषी को उम्रकैद की सजा

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त आसिफ इकबाल की अदालत ने चर्चित सिल्की गुरुंग हत्याकांड के दोषी अनमोल उर्फ कांटी को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में अदालत ने 15 हजार का जुमार्ना लगाया है। अनमोल को 27 जुलाई को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने आईपीसी की दो धारा में दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वर्ष 2018 में नाबालिग सिल्की गुरुंग की हत्या कर शव रातू रोड कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। रांची जिला पुलिस बल की महिला सिपाही शोभा गुरुंग की सिल्की पुत्री थी। शव की शिनाख्त उसकी मां ने की थी। इसके बाद 11 जनवरी 2020 को मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## टेरर फंडिंग केस : सोनू, महेश और अजय के खिलाफ चार्जफ्रेम, अब चलेगा ट्रायल

### एनआईए ने 14 आरोपियों के खिलाफ दायर की थी चार्जशीट

**CRIME REPORTER RANCHI :** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की विशेष कोर्ट ने टेरर फंडिंग केस के आरोपियों सोनू अग्रवाल, महेश अग्रवाल और अजय सिंह के खिलाफ चार्जफ्रेम कर दिया है। अब इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। एनआईए कोर्ट के स्पेशल जज एमसी वर्मा की कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 9 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, चतरा जिले के टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी 22/18 को एनआईए ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की गई थी। यह मामला सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय को लेकर लेवी वसूली से संबंधित है। एनआईए ने सीसीएल कर्मी सुभान खान सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में लिखा था कि टीएसपीसी को लेवी देने के लिए ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला ढुलाई का ठेका लिया गया था। इसमें टीएसपीसी उग्रवादी आक्रमण जी ने अनुशंसा की थी और ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह को ठेका मिला था। इसमें मिली राशि का बड़ा हिस्सा टीपीसी को जाता था। इन पर उग्रवादी संगठन टीएसपीसी को फंड देने का आरोप लगाया गया है। कोर्ट में एनआइए की ओर से कहा कि उक्त सभी आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं, और कोर्ट ने इनके मामले में जो संज्ञान लिया है वो भी बिल्कुल सही है। बता दें कि टंडवा के मगध आम्रपाली कोल प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर उग्रवादी संगठन टीएसपीसी को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही।

## अमन साहू गिरोह का सक्रिय शूटर गिरफ्तार

**RANCHI :** राज्य में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी दौरान सोमवार को एटीएस और चाईबासा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य (शूटर) दिगंबर प्रजापति उर्फ डेंगू को गिरफ्तार किया है। दिगम्बर प्रजापति मूल रूप से रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर कुम्हार टोली का रहने वाला है। उसके पास से एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा सोनू साव को गोली मारने के मामले में दिगंबर प्रजापति नामजद और वांछित अभियुक्त था। गिरफ्तार अपराधी दिगंबर अमन साहू के इशारे पर कारोबारियों से लेवी मांगता था, नहीं देने पर उनपर गोली चलाने का काम करता था। दिगंबर के खिलाफ बासल थाना, पतरातू, बड़कागांव और रामगढ़ थाने में कुल छह मामले दर्ज हैं।

## आज से 10% तक महंगी हो जाएगी जमीन व फ्लैट की कीमत, मूल्य तालिका सर्वर में फीड

### अंतिम दिन उमड़ी भीड़, चार रजिस्ट्री आफिस में 230 डीड की रजिस्ट्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** आज से राज्यभर में शहरी क्षेत्र की जमीन व फ्लैट 10 प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। बढ़े हुए मूल्य पर ही रजिस्ट्री होगी। इससे पूर्व 31 जुलाई सोमवार को जिले के रजिस्ट्री आफिसों में बंफर रजिस्ट्री हुई। कार्यालय खुलने के साथ ही जमीन-फ्लैट के खरीददार व बेचने वालों की भीड़ हो गई। रात आठ बजे तक आफिस में कामकाज चलता रहा।लगभग सभी रजिस्ट्री आफिसों का अप्वाईंटमेंट स्लाट फुल रहा। जिले के कचहरी चौक स्थित मुख्य रजिस्ट्री आफिस का 130 का स्लाट था। पूरा स्लाट फुल हो गया। अगर रजिस्ट्री की बात करें तो मुख्य रजिस्ट्री आफिस में कुल 130 रजिस्ट्री हुई।



वहीं, डोरंडा शहरी आफिस में 33 डीड की रजिस्ट्री हुई जिसमें आठ फ्लैट शामिल है। बुंडू नगर पालिका रजिस्ट्री आफिस में जमीन की 30 डीड की रजिस्ट्री हुई। हिनू ग्रामीण में 20 जमीन की रजिस्ट्री जबकि कांके आफिस में 57 डीड की रजिस्ट्री हुई। इसमें करीब 20 फ्लैट शामिल है।

**रात में ही नया मूल्य तालिका कर दिया गया अपलोड**

मंगलवार से नये मूल्य पर जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री होनी है। इसको देखते हुए सोमवार की रात में ही निबंधन विभाग के सर्वर में नया मूल्य तालिका अपलोड कर दिया गया। पूर्व में नगर निगम के 55 वार्डों में मौजा विभक्त है। इसे संशोधित करते हुए 53 वार्ड में मौजा को बांटा गया है। बता दें कि पूर्व में रांची नगर निगम क्षेत्र में 55 वार्ड था। नया परिसीमन के बाद दो वार्ड घटा दिया गया है।

### 15 हजार श्रद्धालुओं ने किया पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक, भव्य तरीके से की गई श्रृंगार पूजा

## चौथी सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब


सावन की चौथी सोमवार पर पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालूओं की उमड़ी भीड़।


सावन की चौथी सोमवार पर बाबा के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब।

**PHOTON NEWS RANCHI :** सावन में राजधानी शिवमय बनी हुई है। हुं ओर बोलबम के जयकारे गूंज रहे हैं। चौथी सोमवारी को भी जलाभिषेक के लिए शिवालयों में भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया। ब्रह्म मुहूर्त ी मंदिरपरिर मंकांवरिये व श्रध्दालु पूजा-अर्चना के लिए जुटने लगे। दोपहर तक भीड़ देखने को मिली। पुनः संध्या आरती व श्रृंगार पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई। सबसे ज्यादा भीड़ पहाड़ी मंदिर में देखने को मिली। यहां देर रात 2.45 बजे सरकारी पूजा आरंभ हुआ। भोर में 3.30 बजे मंदिर का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पट खुलते ही पहाड़ी बाबा के जयकारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। सबसे पहले कांवरियों ने पहाड़ी बाबा की पूजा की। भीड़ को देखते हुए पहाड़ी मंदिर में अरघा सिस्टम से जलाभिषेक हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रात नौ बजे तक दर्शनपूजन चलता रहा। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार के अनुसार संध्या तक 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक किया। संध्या में सात बजे जलाभिषेक रोक कर श्रृंगार व पूजा किया गया। बेलपत्र, भांग, धतूरा, सुगंधित पुष्प आदि से दिव्य रूप से श्रृंगार किया गया। वही, 07.30 बजे भव्य महाआरती उतारी गई। इसके बाद पुनः दर्शन आरंभ हुआ। इसके अलावा पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर, चुटिया प्राचीन श्रीराम मंदिर, जैप वन, लोअर चुटिया सुरेश्वर महादेव, इक्कीसो महादेव, वर्दमान कंपाउंड शिव मंदिर, मोरहाबादी शिव मंदिर सहित शहर के तमाम शिवालयों में भीड़ रही। पहाड़ी मंदिर परिसर में भोर में दो बजे से ही दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बल मुस्तैद दिखे। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षा बलों के साथ पहाड़ी मंदिर विकास समिति व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दर्जनों कार्यकर्ता सुबह से शाम तक डटे रहे। स्वयं सेवक श्रद्धालुओं को पूजा में मदद कर रहे थे। पहाड़ी मंदिर के आसपास के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी।

## डीसी-एसएसपी ने होटवार जेल में तीन घंटे तक की छापेमारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए झारखंड पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रांची डीसी राहुल सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में रविवार देर रात बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गयी। तीन घंटे तक पुलिस ने जेल में बंद एक-एक कैदियों की गहन तलाशी ली। इस दौरान पुलिस को जेल से किसी भी तरह के आपत्तिजनक सामान नहीं मिले। जेल में छापेमारी करने की सबसे बड़ी वजह मोबाइल फोन है। यह पहली बार नहीं है, जब बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गयी है। इससे पहले भी कई बार यहां औचक छापेमारी की गयी है। रांची के साथ-साथ धनबाद और हजारीबाग स्थित जेलों में बंद गैंगस्टर्स द्वारा मोबाइल-सेलफोन के जरिये गिरोहों को ऑपरेट करने की खबर आयी थी। इसके बाद छापेमारी की गयी थी। इस दौरान रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के भीतर 150 से भी ज्यादा मोबाइल सिम एक्टिव पाये गये थे। पुलिस मुख्यालय ने जेल के भीतर सक्रिय सिमकार्ड नंबर, व्हाट्सएप नंबर, आइईएमईआई नंबर और वर्चुअल नंबर के ब्यौरे के साथ यह रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी।

**जेल में बंद हैं मनी लॉड्रिंग के कई बड़े आरोपी**

झारखंड में ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद कई लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। झारखंड के मनी लान्ड्रिंग केस के कई प्रमुख आरोपी भी इसी जेल में बंद हैं।

THE PHOTON NEWS

04 www.thephotonnews.com
Tuesday, 01 August 2023

BRIEF NEWS

### सामाजिक दायित्वों के तहत आगे भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा ट्रस्ट : पवन सिंह

**BHURKUNDA:** युवा भारत मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में सौंडा स्थित जयनगर कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया कि बरसात के दिनों में आसपास के क्षेत्र में फैल रही संक्रामक बीमारी को देखते हुए युवा भारत मिशन की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। साथ ही वहां रह रहे आसपास के लोगों के जल को परीक्षण किया गया। मौके पर ट्रस्ट के पवन कुमार सिंह ने बताया बरसात के दिनों में लोगों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा भारत मिशन ट्रस्ट अपने सामाजिक दायित्वों के तहत क्षेत्रवासियों को आगे भी स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा। साथ ही ग्रामीणों को समय-समय पर जागरूक भी करता रहेगा। श्री सिंह ने जल ही जीवन है का नारा बुलंद करते हुए कहा कि जयनगर कॉलोनी के लोग गंदे पानी पीने से भयावह बीमारी के चपेट में आ रहे हैं। गंदे पानी का असर लोगों के जन जीवन पर पड़ रहा है। शिविर में मौजूद चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच का उचित परमार्श भी दिए। साथ ही निःशुल्क दवा व सैनिटाइजर का भी वितरण किया गया। ट्रस्ट के लोगों ने बताया की 50 प्रतिशत अनुदान पर संस्था आरो उपलब्ध करा रही है। इच्छुक व्यक्ति संस्था से संपर्क कर इसे ले सकते हैं। मौके पर युवा भारत मिशन के पवन कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह, डॉ. देवानंद दास, वार्ड सदस्य पुष्पा बखला, गुड़िया देवी, सरिता देवी, राखी कुमारी, आंचल कुमारी, उजाला तिवारी एवं पंचायत के दर्जनों लोग मौजूद थें।

### सावन की चौथी सोमवारी को शिवालयो में उमड़ी भक्तों की भीड़

**RAMGARH:** पावन श्रावण मास के चौथे सोमवारी के अवसर परशहर व आसपास शिवालयों में चौथे सोमवारी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। स श्रद्धा और भक्ति भाव से शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। शहर स्थित प्राचीन शिव मंदिर बुढ़वा महादेव मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही इसक्रम में कैथा प्राचीन शिव मंदिर में अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। प्राचीन शिव मंदिर समिति की ओर से खीर महाभोग का वितरण किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि श्रावन मास में प्राचीन शिव मंदिर में विभिन्न जगहों के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। भगवान का दर्शन पूजन करते हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा भक्तों के लिए खीर महाभोग का आयोजन किया गया। वहीं पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा प्राचीन शिव मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट आस्था है। भगवान शिव के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। इस अवसर पर सचिव राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष रतन राम, डिया महतो, छोटेलाल महतो, संदीप महतो,मनोज कुमार,सहसचिव अमित कुमार दास, अजय आस्था, पंचम महतो, अजय चौधरी, मदन करमाली आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### रामगढ़ जिला में बारिश की स्थिति के मद्देनजर बैठक का आयोजन

**RAMGARH:** सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के सभागार में परियोजना निदेशक आत्मा, प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में रामगढ़ जिला में बारिश की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर बैठक का आयोजन किया गया बैठक के दौरान श्री सिंह ने सभी प्रसार कर्मियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में फसलों के आच्छादन का आकलन यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत ईकेवाईसी एवं आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग, केसीसी, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के लाभुक किसानों का ईकेवाईसी, ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसानों का निबंधन कार्य एवं अन्य कृषि से संबंधित कार्यों को यथाशीघ्र संपन्न करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी प्रसार कर्मियों को मक्का, दलहन, तिलहन आदि की खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित करने का निर्देश दिया।

**उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के संग की बैठक, दिए कई दिशा निर्देश**

# चतरा में स्वतंत्रा की तयारी सुरू नेहरू स्टेंडीयम में, होगी कार्यक्रम

**PHOTON NEWS CHATRA:** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक किया गया। बैठक में जिला स्तरीय सभी कार्यालय प्रधान उपस्थित हुए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस 2023 की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में आयोजित होगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड समेत अन्य कार्यक्रम किया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की



बैठक में आवश्यक निरर्देश देते उपायूक्त अबु इमरान व उपस्थित अन्य अधिकारी ● फोटोन न्यूज

व्यवस्था,अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

वहीं उपायुक्त ने फांसी तालाब एवं रेड क्रॉस में झंडोत्तोलन की तैयारियां करने, कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को ससमय कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहने, कोविड के अनुरूप सोशल डिस्टनसिंग का अनुपालन सुनिश्चित कराने समेत अन्य को लेकर भी निर्देशित किया गया।

समाहरणालय परिसर में 8 बजे, शहीद स्मारक फांसी तालाव में 8:15 बजे, पोस्ट ऑफिस चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण 8:25 बजे, रेड क्रॉस चतरा में 8:30 बजे, मुख्य समारोह स्थल जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 9 बजकर 5 मिनट पर झंडोत्तोलन किया जाएगा।

इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, निदेशक डीआरडीए, अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास,जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अभिनास कुमार एवं अन्य संबंधित मौजूद थे।

## रामगढ़ में भाई से मिलने घर में गया बाहर से BIKE उड़ा ले गए चोर



**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ शहर के गोलपार इलाके में एक युवक अपने भाई से मिलने गया था। वह अपनी बाइक लगाकर घर में घुसा और चंद मिनट में ही बाहर निकला। इसी बीच चोरों ने उसकी बाइक ही उड़ा ली। इस मामले में नगर परिषद के सफाई कर्मचारी राजेंद्र कुमार ठाकुर ने सोमवार को रामगढ़ थाने में सूचना दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हुए गोल पार्क में बेलथरिया बाड़ी के पास रह रहे अपने चचेरे भाई से मिलने गए थे। घर के बाहर बाइक लगाकर वे अंदर गए और लगभग 15 मिनट में ही बाहर निकले। जब वह बाहर आए तो उनकी बाइक जेएच 24 ए 2216 गायब थी। बाइक की डिक्की में उनके बैंक का पासबुक व अन्य दस्तावेज भी थे। घटना की सूचना पाकर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

## सहस्त्र शिवलिंगम पर हजारों शिव भक्तों ने चौथे सोमवारी पर किए जलाभिषेक

**PHOTON NEWS CHATRA:** श्रावण मास के चौथे सोमवारी पर मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण स्थित सहस्त्र शिवलिंगम मंदिर में जलाभिषेक और पूजा-पाठ के लिए शिव भक्तों की जनसैलाब उमड़ी।

मंदिर में भोलेनाथ की श्रृंगार पूजन के वक्त अहले सुबह से हीं श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक और पूजा-पाठ के लिए जुटने लगी थी। यह भीड़ यहां लगातार 12 बजे दिन तक जुटी रही। इसी बीच भोग को



लेकर मंदिर का पट बंद कर दिया गया। फिर 1 बजे दिन श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया।

मंदिर खुलते हीं एक बार पुनः श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक और पूजा-पाठ के लिए जुट गई। यहां आए श्रद्धालु बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष लगाते हुए 1008 शिवलिंगम पर जलाभिषेक कर 1008 शिवालयों में जलाभिषेक करने का फल प्राप्त की।

सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं के साथ-साथ देवघर जाने वाले और वहां से वापस आने वाले कांवरियों की दल ने भी सहस्त्र शिवलिंगम पर जलाभिषेक कर बाबा भोलेनाथ से मनोवांछित फल की कामना की।

## देसी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार, दूसरा हुआ फरार

**मेदिनीनगर थना पुलिस ने किसी बड़ी अपराधिक के मंसुबे किया नाकाम**

**PHOTON NEWS PALAMU :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक के पास से पुलिस ने किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक अपराधी राम कुमार पासवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली और बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया है। शहर थाना प्रभारी अभय सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो अपराधी



गिरफ्तार आरोपी औरे इंसेट में बरामत हथियार ● फोटोन न्यूज

देसी कट्टा के साथ हॉस्पिटल चौक बड़ा तालाब के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं। सूचना के अधार पर शहर थाना में एक टीम गठित कर पुलिस हॉस्पिटल चौक पहुंची। शिशु कल्याण केंद्र के पास बाइक संख्या **JH-0I-CJ-2409** पर दो युवक बैठे थे। जैसे ही पुलिस दोनों को पकड़ने के लिए दौड़ी। बाइक के पीछे बैठा युवक संकरी गली का फायदा उठाकर भाग निकला. वहीं एक को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी के दौरान राम कुमार पासवान उर्फ लकड़वा पिता विजय मांझी, ग्राम पचम्बा, थाना पिपराटांड़, जिला पलामू के पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया।

## मणिपुर की घटना के विरोध में I.N.D.I.A का धरना आज

**PHOTON NEWS KHUNTI:** मणिपुर की घटना के विरोध में कांग्रेस, झामुमो सहित आइएनडीआइए घटक में शामिल सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एक अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि राज्य विगत तीन मई 2023 से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है।




प्रेस कांफ्रेस में जानकारी देते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा व अन्य ● फोटोन न्यूज

इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार मूकदर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में केंद्र सरकार पूर्णतः नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा महिलाओं के शर्मनाक वीडियो के वायरल होने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया, तो प्रधानमंत्री ने घड़ियाली आंसू बहाते हुए अपनी चुप्पी तोड़ने की औपचारिकता पूरी की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर मणिपुर की शर्मनाक घटना के खिलाफ एक अगस्त को धरना दिया जाएगा।

धरने को सफल बनाने के लिए सोमवार को आयोजित बैठक में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू , जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, रविकांत मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कृष्णा चौधरी, राजद के जिलाध्यक्ष शहजादा खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## समाज के सजग प्रहरी थे साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद : प्रवीण

**विद्यार्थियों ने की उनकी कहानियों से समाज को मिलने वाले संदेश पर चर्चा**

- अग्रसेन स्कूल में मनाई गई प्रेमचंद की जयंती
- निबंध, कविता, पोस्टर, स्पीच, नाट्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



बच्चों को संबोधित करते विद्यालय के निर्देशक प्रवीण राजगढ़िया ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को साहित्य साधक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रेमचंद की रचनाओं और उनकी जीवनी पर आधारित निबंध, कविता, पोस्टर, स्पीच, नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मुंशी प्रेमचंद की विभिन्न कहानियों, उपन्यास, कविताओं की आधुनिक समय में प्रासंगिता पर चर्चा की। एंजल वर्मा, साक्षी गोस्वामी, अनुष्का कुमारी, आंचल कुमारी, आर्यन कुमार महतो, माही कुमारी, फरहीन अफसरा, प्रिया कुमारी, मीत कौर, अंकित कुमार, तेजस्वी कुमार, श्रावणी कौशल ने प्रेमचंद की कहानियों से समाज को मिलने वाले संदेश को बताया। अपने संबोधन में स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हिंदी केवल एक विषय ही नहीं बल्कि जीवन शैली है। मुंशी प्रेमचंद को उनके प्रेरक उद्धरण और अनूठी लेखन शैली के लिए याद किया जाता है।

## चौथी सोमवारी के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**PHOTON NEWS RAMGARH:** पावन श्रावण मास के चौथे सोमवारी के अवसर पर कैथा प्राचीन शिव मंदिर में अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर समिति के द्वारा के लिए खीर महाभोग का आयोजन किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि श्रावन मास में प्राचीन शिव मंदिर में विभिन्न जगहों के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं और भगवान का दर्शन पूजन करते हैं।इस अवसर पर हम आयोजन समिति के द्वारा भक्तों के लिए खीर



महाभोग का आयोजन किया गया। वहीं पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा प्राचीन शिव मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट आस्था है। भगवान शिव के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है।इस अवसर पर सचिव राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष रतन राम, डिया महतो, छोटेलाल महतो, संदीप महतो, मनोज कुमार, सहसचिव अमित कुमार दास, अजय आस्था, पंचम महतो, अजय चौधरी, मदन करमाली आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है शिव मंदिर : अम्बा प्रसाद

- हॉस्पिटल कॉलोनी में शिव मंदिर परिसर का सुंदरीकरण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास
- 2 लाख रुपए की लागत से पुरा निर्मान होगा कार्य



शिलान्यास के मौके पर मौजूद विधायक, ग्रामीण व कांग्रेसी ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद का आगमन हुआ। जहां विधायक अंबा प्रसाद ने 2 लाख रुपए की लागत से शिव मंदिर प्रांगण का सुंदरीकरण एवं चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर विधायक अंबा प्रसाद ने शिलान्यास किया। इसके पूर्व क्षेत्रवासियों ने विधायक अंबा प्रसाद को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यहां का शिव मंदिर भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। यहां सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहंमुखी विकास और जन समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का उद्देश्य है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, चमन लाल, लखन राम, नित्यानंद पाठक, राजेश कुमार सिंह, भुरकुंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दीपक भुंइया, संजय मिश्रा, विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, बागेश्वर करमाली, सुरेश यादव, चंदन साव, डब्लू सिंह, शंकर मांझी, अभय दुबे, जय श्री, रूपा देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, कमला देवी, मोनिका देवी, सविता देवी, चिंता देवी सहित कई लोग मौजूद थें।

**माँ कौलेश्वरी जल यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु, शिवलिंग पर किया जलभिषेक**

# बोल बम व हर हर महादेव के जयकारे से गुंजा हंटरगंज

**PHOTON NEWS CHATRA:** हंटरगंज (चतरा) प्रखंड में सावन महीने को लेकर श्रद्धालुओं ने सावन के चौथे सोमवार को मां कौलेश्वरी जल यात्रा में श्रद्धालुओं को काफी भीड़ देखने को मिला। आपको बताते चले कि हर वर्ष हंटरगंज के केदली के समीप फल्गु नदी से जल भरकर श्रद्धालु गन माता कौलेश्वरी के दरबार में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पुण्य के भागी बन रहे है। चौथी सिमवारी को लगभग 500 से ज्यादा सद्धालु



मां कौलेश्वरी जल यात्रा में जल चढ़ते श्रद्धालु ● फोटोन न्यूज

सामील हुवे। भाई बहने, एवं माताएं सभी एक साथ जय शिव, जय भोलेनाथ, बोल बम, जय माँ कौलेश्वरी जैसे नारे लगाते माता के दरबार पहुचते है मान्यता है कि सावन महीने में बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने और पूजा अर्चना करने से बाबा भोलेनाथ अपने भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी कर देते हैं। जिसको लेकर सभी शिवभक्त सावन महीने में ही बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक भी करते हैं। मान्यता यह भी है कि सावन महीने में सोमवारी व्रत करने वाले भक्तों के मन की सभी मनोवांक्षित फल प्राप्त होते है इसलिए अधिकांश महिलाएं सावन महीने की प्रत्येक सोमवार को सोमवारी व्रत करते है। इस कार्य मे सहयोग करने वाले प्रखंड के युवा समाजसेवी श्री निवाश के सौजन्य से माता कौलेश्वरी के दरबार मे श्रवत पानी, फल के साथ खाना का भी बेवस्था कराया गया। सेवा में उपस्थित पतंजलि के जिला प्रभारी अभय कुमार, फोटोग्राफी एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष सुनील प्रजापति, भवानी सिंह, दिलीप कुमार विष्वकर्मा, ज्योति, गुंजा, मनचली आदि उपस्थित थे।

## पीरी में शिक्षा जागरुकता और कैंडल मार्च की तैयारी को लेकर सभा

**उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा आवश्यक साधन : प्रो. शाहनवाज खान**

- इंसाफ के लिए आवाज को बुलंद करना हर बुद्धिजीवी का कर्तव्य : देवकी बेदिया

**PHOTON NEWS RAMGARH:** बुद्धिजीवी मंच द्वारा बरकाकाना क्षेत्र के ग्राम पीरी में शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभा की गई। सभा की अध्यक्षता मंच के उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया ने कहा कि और संचालन तृतियाल बेदिया ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर मंच के सचिव प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा एक बहुत ही आवश्यक साधन है। हम अपने जीवन में शिक्षा का उपयोग करके अपने साजाजिक व आर्थिक जीवन को सफल बना सकते हैं। उच्च स्तर का शिक्षा हमें सम्मान प्राप्त करने तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। अध्यक्षता करते हुए देवकी बेदिया ने कहा कि समाज के किसी भी वर्ग, जाती या समुदाय के साथ अन्याय हो तो उसके खिलाफ आवाज बुलंद करना बुद्धिजीवी और इंसाफ पसंद जनता का कर्तव्य है।

BRIEF NEWS

## विद्या स्टडी प्वाइंट ने किया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोन



ROURKELA: शहर के निजी शिक्षण संस्थान विद्या स्टडी प्वाइंट और सेक्टर 22 कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से सोमवार को स्थानीय ट्रस्ट कार्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान 100 से अधिक पौधे रोपे गए। पौधरोपण कार्यक्रम की निदेशक सरोज बेहरा की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में पनपोष रेंज अधिकारी ज्ञानेंद्र लीमा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मनुष्य और पेड़ों के बीच घनिष्ठ संबंध और मित्रता पर जोर दिया। सम्मानित अतिथि के रूप में एसआरपीएफ के डिप्टी कमांडर सिराजुल आलम, टांगरपाली थाने के वरिष्ठ सब इन्सपेक्टर सिनमय बल, वरिष्ट पत्रकार प्रसन्ना त्रिपाठी शामिल हुए। अतिथि के रूप में शिक्षाविद् आदित्य कुमार षडंगी, वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मीधर स्वाई, अशोक कुमार सामल, उत्कलमणि सरकारी हाई स्कूल के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू, मुंडाजोर पंचायत हाई स्कूल के प्राचार्य मिनकेतन महापात्र, सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र तांती, संतोष दास शामिल हुए। वुल्फ फेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष शिव शंकर नायक, सुकांत मोहंती, राधेश्याम चिक, सामाजिक कार्यकर्ता संजय दास भी शामिल थे।

## माहौल बिगाड़ने की कोशिश करनेवालों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

ROURKELA: माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कांग्रेस के अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष एजाज अख्तर और जमात ए उलेमा ए हिंद के मौलाना अरशद कासिम की अगुआई में राउरकेला एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। वहीं मलगोदम की घटना पर कारवाई की मांग की गई। राउरकेला के पूर्व विधायक प्रभात महापात्र, ओडिशा कांग्रेस महासचिव प्रबोध दास, बासुदेव बनर्जी, शिबू दीप, अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव सादाब अहमद, साकिर हुसैन, रिंकू कलाल, युवा अध्यक्ष गांधी दास, अयूब खान, अमृता कौर, मो. इमाम , नियाज अहमद, तबरेज अहमद, एमडी नईम, जंगीर आलम, एमडी अशदक और कई अन्य अल्पसंख्यक उपस्थित थे।

## बास्केटबॉल में विजेता बनी जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की टीम

JAMSHEDPUR : आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर में जिला स्तरीय महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कैरम एवं शतरंज की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इसमें भाग लेने वाली टीमें इस प्रकार थीं। झजमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर, आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर, आर्का जैन विश्वविद्यालय,जमशेदपुर, एनएसयू, जमशेदपुर तथा एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने बताया कि यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से सबको आकर्षित किया। बास्केटबॉल में जहां जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी विजेता बनी वहीं गर्ल्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही। लगभग सभी तरह की प्रतियोगिताओं में छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर है। मैं स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमिटी के अध्यक्ष डॉ. सनातन दीप और उनकी पूरी टीम को इन उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूं। जया कुमार (कप्तान), सिम्मी कुमारी, श्रुति दीक्षित, रागिनी कुमारी, अंजलि सौरभ, खुशी कुमारी शुक्ला एवं सिवानी कुमारी विजेता जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय गर्ल्स बास्केटबॉल टीम की सदस्य हैं। इस प्रतियोगिता में आर्का जैन विश्वविद्यालय की छात्राएं रनर अप रही।

# सहायक आचार्य नियुक्ति ने उर्दू, संस्कृत, ओड़िया एवं बांगला को मातृभाषा की श्रेणी में रखा जाए : उर्दू शिक्षक संघ

## शिक्षक नियुक्ति अधिसूचना में वांछित त्रुटिओं का किया जाय सुधार

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: झारखण्ड राज्य उर्दू शिक्षक संघ झारखण्ड प्रदेश कमेटी की बैठक महासचिव अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई, जिसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सहायक अध्यापक नियुक्ति के लिए निकाले गये विज्ञापन में ऊर्दू, बंगला, ओड़िया एव संस्कृत को मातृ भाषा के प्रथम पत्र में शामिल नहीं किये जाने का विरोध किया गया। इस संदर्भ में निर्णय लिया गया कि राज्य के मुख्य मंत्री समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को मांगपत्र सौंप कर मामले से अवगत कराया जायेगा। महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति के लिए निकाले गये विज्ञापन में मातृभाषा के चयन में बड़ी त्रुटि सामने आई है। परीक्षा के पत्र-1 में उर्दू, बंगला, संस्कृत एवं उड़िया को शामिल नहीं किया गया है।



बैठक करते उर्दू शिक्षक संघ कमेटी के लोग ● फोटोन न्यूज

इससे विभिन्न प्रकार की कठिनाईयाँ आवेदकों के समक्ष उत्पन्न हो रही है। उपरोक्त चारों भाषाओं को मातृभाषा के तौर पर परीक्षा में रखने वाले विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि बिहार से प्राप्त 4401 उर्दू शिक्षकों (योजना मद) का पद प्राप्त हुए जिसमें अबतक झारखंड में वर्ष 2014 में जैक द्वारा कुल 689 उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति योजना मद में हुई, जो वर्तमान में गैर योजना मद में परिवर्तित हो चुका है। शेष रिक्ति 3712 पदों पर उर्दू शिक्षकों की बहाली अविलंब की जाए। वर्ष 2016 में भाषा शिक्षकों की नियुक्ति स्नातक प्रशिक्षित भाषा शिक्षक के पद पर की गई। जिसमें उर्दू शिक्षकों के लिए कोई अलग से पद स्वीकृत नहीं था, बल्कि जिनका इंटर में उर्दू और अंग्रेजी विषय था, वैसे चयनित शिक्षकों को उर्दू मध्य विद्यालयों में पोस्टिंग करने का आदेश जारी किया गया था। इसकी पुनरावृति नहीं की जाए। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26000 सहायक आचार्य के पदों पर नियुक्ति करने का सर्कुलर जारी किया गया है। जिसमें पेपर- ' में कुल 11 मातृभाषाओं को शामिल किया गया है, लेकिन इसमें उर्दू, संस्कृत, ओड़िया और बांग्ला को मातृभाषा के रूप में नहीं रखा गया है, जबकि मातृभाषा 100 अंकों का पेपर है। जिसमें उत्तीर्ण होना आवश्यक है, इसलिए उर्दू सहित संस्कृत, बांग्ला एवं ओड़िया को भी पेपर - 1 में शामिल किया जाए। पेपर-2 में उर्दू, संस्कृत, ओड़िया, बांग्ला को रखा गया है, ऐसे में जिनका मैट्रिक परीक्षा में उक्त विषय मातृभाषा के रूप में था, वे इस सहायक आचार्य के परीक्षा से वंचित रह जायेंगें। इसी तरह नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत पूर्व से टेट पास अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति की अहर्ता रखते हैं और वे सहायक शिक्षक के पात्र हैं, यह उनके टेट प्रमाण पत्र में उल्लेखित है, जिनकी नियुक्ति वर्षों से लंबित है। ऐसे में टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति किये बिना सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति की अधिसूचना जारी करना असंवैधानिक है, क्योंकि जैक द्वारा टेट सफल उम्मीदवारों का 2016 के पश्चात अब तक नियुक्ति नहीं की गई है। इससे टेट पास अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के योग्य नहीं होंगें। इस गलती को सुधारा जाए। नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2022 में सहायक शिक्षक के पद 4600 ग्रेड पे को खत्म कर सहायक आचार्य के पद 2400 ग्रेड पे में किये जाने की अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें उर्दू शिक्षकों का एक भी पद घोषित नहीं किया गया है, इसलिए पूर्व के तरह दिये गये आरक्षण के तहत कुल रिक्ति के विरुद्ध 10 % पदों का आरक्षण उर्दू शिक्षकों के लिए किया जाय।

# विद्यालयों पर दोबारा अंकेक्षण कराने का दबाव बना रहा शिक्षा विभाग

## डीईओ से मिल संघ ने दर्ज करायी आपत्ति



डीईओ की बैठक करते शिक्षक संघ ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला। इसमें कहा गया कि जिले के कुछ विद्यालयों का वित्तीय वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 का पीएम पोषण योजना का अंकेक्षण पहले करवाया जा चुका है। लेकिन फिर से करवाने का दबाव बनाया जा रहा है। जो न्याय संगत नहीं है। एक ही विद्यालय का बार बार अंकेक्षण समझ से परे हैं। वहीं विभागीय नियमानुसार ग्रेड 3, ग्रेड 4 एवं ग्रेड 7 के लिए कामर्स योग्यताधारी शिक्षकों को शामिल करते हुए शीघ्र वरीयता सूची प्रकाशित कर भूतलक्षी प्रभाव से सभी प्रकार की लंबित प्रोन्नतियां दी जाए।

संघ ने शिक्षक संस्थानांतरण प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए इसके कई बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज करायी है। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, संगठन सचिव अरुण कुमार, रामाकांत शुक्ला, शाहिद इकबाल, शिवाजी सिंह, संतोष कुमार शर्मा, इफ्तिकार हसन, मुर्शिद इमाम, शमशाद अकरम आदि शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मनमोहन चौधरी एवं जयनारायण सिंह की स्मृति में शोकसभा, दी श्रद्धांजलिका

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर के तत्वाधान में सोमवार को बारीडीह विधानसभा कार्यालय में राष्ट्रवादी विचारक एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय मनमोहन चौधरी एवं स्वर्गीय जयनारायण सिंह की स्मृति में शोकसभा का आयोजन किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वप्रथम भाजमो केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा एवं जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने उनके तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पण कर सभा को आरंभ किया।

भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि इन दोनो विभूतियों ने अपना जीवन जनसरोकार में न्योछावर कर दिया। इन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से लेकर जनसंघ और भारतीय जनसंघ में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। भाजमो केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा ने कहा कि दोनो दधिचियों



शेक सभा मे उपस्थित भाजमा के कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

ने अपनी हड्डियां गला कर समाज और राष्ट्र को समर्पित कर दिया। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन विजयनारायण सिंह ने किया।**

श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला मंत्री राजेश कुमार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, बारीडीह मंडल अध्यक्ष विजयनारायण सिंह, असीम पाठक, मिथलेश श्रीवास्तव, एस पी सिंह, गौतम धर, राकेश कुमार, अनिकेत सावरकर, अशोक कुमार, सुशील खड़का, बिनोद यादव, नंदिता गगराई, कलावती पाठक, देव प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, राजू राव इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुंदरगढ़: हेमगिरि ब्लॉक एनटीपीसी डुलिंगा कोयला खदान को विस्थापित मजदूरों ने जबरन कराया बंद

PHOTON NEWS SUNDARGARH: सुंदरगढ़ जिले के हेमगिरी ब्लॉक के डुलिंगा में एनटीपीसी के कोयला खदान में सोमवार को हंगामा हुआ। विस्थापित आंदोलनकारी महिलाओं ने विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए खदान को बंद करा दिया। पहले भी उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ही महिलाओं ने काम बंद कर दिया है।

महिलाएं राहत और मुआवजे की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही हैं। इससे पहले कंपनी अधिकारियों द्वारा उनकी मांगें पूरी करने के वादे के बाद महिलाएं खनन बंद आंदोलन को समाप्त किया था। इसके बाद मांगे पूरी नहीं हुई तो खनन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया हैष आंदोलनकारियों को रोकने के लिए पुलिस बल



रेल लाईन पर खड़ी आंदोलनकारी माहीलाए ● फोटोन न्यूज

तैनात है। पुलिस के लाख कोशिशों के बावजूद आंदोलनकारी खनन क्षेत्र में घुस गए है।

पुनर्वास और मुआवजे की मांग एनटीपीसी डुलिंगा कोयला खदान से 32 विस्थापित महिलाओं को ही यह रकम मिली है। 60 और विस्थापित महिलाओं को अभी तक रकम नही मिली है। विस्थापित नीति के तहत राजस्व पट्टा प्राप्त भूमि मालिकों को लाभ देने के लिए ओडिशा के प्रधान सचिव के पत्र के साथ उच्च न्यायालय का आदेश होने के बावजूद भी उन्हें उनका अधिकार नहीं दिया जा रहा है।

कंपनी के साथ बार-बार आंदोलन और चर्चा से भी हल नहीं निकल सका है। जिला प्रशासन और कंपनी दोनों एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। विस्थापित महिलाएं तीन साल से आंदोलन कर रही हैं, लेकिन मांगें पूरी नहीं होने के कारण विस्थापित महिलाओं ने आज से अनिश्चित काल के लिए खदान बंद कर दी है।

# राउरकेला इस्पात संयंत्र की नई प्लेट मिल में एक दिवसीय उत्पादन का रिकॉर्ड

PHOTON NEWS ROURKELA: राउरकेला इस्पात संयंत्र की अत्याधुनिक न्यू प्लेट मिल (एनपीएम) ने रविवार को को 5000 टन वजन के 346 स्लैब और 4500 टन प्लेट रोल कर- के एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 4786 टन स्लैब को रोल करने और 4297 टन प्लेट बनाने का पिछला रिकॉर्ड 10 फरवरी, 2019 को हासिल किया गया था। 30 जुलाई को बनाये गए इस नए एक दिवसीय रिकॉर्ड में 'बी' शिफ्ट में 1792 टन की सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट रोलिंग भी शामिल है। आरएसपी के निदेशक



रिकॉर्ड उत्पदन का जश्न मनाते कर्मचारी ● फोटोन न्यूज

प्रभारी, अतनु भौमिक ने पूरी एनपीएम टीम और सभी संबंधित विभागों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने उनसे आने वाले दिनों में लगातार प्रदर्शन के साथ बेंचमार्क को ऊपर उठाने का भी आग्रह किया।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) एसआर सूर्यवंशी ने सोमवार को को न्यू प्लेट मिल का दौरा किया और रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए समूह को गुलदस्ता और मिठाइयाँ भेंट कीं। एनपीएम के साथ-साथ सभी संबद्धित इकाइयों के प्रयासों की अत्यधिक सराहना करते हुए। उन्होंने उनसे विक्री योग्य स्टील के निर्बाध प्रेषण पर अतिरिक्त ध्यान देने के साथ एबीपी लक्ष्यों को प्राप्त करने और उत्कृष्टता जारी रखने का आग्रह किया।

# सावन की सोमवारी पर कांवरियों के जत्थों ने घोघर धाम में किया जलार्पण

PHOTON NEWS ROURKELA: कांवरियों का चौथा जत्था सोमवार को वेदव्यास ब्राह्मणी नदी से जल लेकर घोघर धाम को रवाना हुए। वेदव्यास ब्राह्मणी नदी तट पर कांवरियों की भीड़ देखने को मिली। कांवरियों की टोली हर हर महादेव, बोल बम का नारा लगाते हुए वेद व्यास चंद्रशेखर मंदिर में कांवरियों ने जल अर्पण किया। इसके बाद घोघर धाम के लिए रवाना हुए। वेदव्यास सोमिल चौक से लेकर घोघर धाम तक कई



घोघर धाम में उमड़े ● फोटोन न्यूज

संगठनों के द्वारा कांवरियों की सेवा को लेकर चाय, पानी, अल्पाहार व खाने की व्यवस्था की गई थी। राउरकेला मेफेयर होटल के सामने बोल बम सेवा संघ की ओर से कावरियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। पिछले तीन रविवार से बोल बम कमेटी के द्वारा कावरियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है।

## हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊंचे हैं..... पर बजीं सबसे जादा तालियां

# प्रेमचंद की जयंती पर बिष्टुपुर स्थित सेंट मैरीज स्कूल में चार नाटकों का हुआ मंचन

- ठाकुर का कुआं की कहानी पर नाटक पेश करके बनी ओवर ऑल चैंपियन
- गंगी के पात्र को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, अलगू के पात्र को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार
- ईदगाह में हामिद का पात्र निभाने वाले कलाकार का विशेष पुरस्कार के लिए चयन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर : मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर सोमवार को बिष्टुपुर स्थित सेंट मैरीज इंग्लिश स्कूल



मंच पर उपस्थीत छात्र-छात्राए एंव अन्य ● फोटोन न्यूज

में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी. इस दौरान प्रेमचंद की चार कहानियों का नाट्य मंचन किया गया. इस ईदगाह, बड़े घर की बेटी, ठाकुर का कुआं और पंच परमेश्वर शामिल रही. इसके लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं के समूह को चार वर्गों में विभाजित किया गया था. कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य फादर वर्णन डि'सूजा, उपप्राचार्य फादर एलेक्स डार्विन ने किया. दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया. निर्णायक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार गौतम शंकर दास, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश मिश्र, शिक्षिका अनीता सिंह शामिल रहे. इस दौरान अलग-अलग टीमों की ओर से किये गये नाट्य अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया. ठाकुर का कुआं की प्रस्तुति के दौरान गंगी का पात्र निभाने वाली कलाकार की ओर से प्रस्तुत संवाद.....हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊंचे हैं...पर सबसे अधिक तालियां बजीं. ठाकुर का कुआं की कहानी पर नाटक पेश करने बनी टीम ओवर ऑल चैंपियन बनी.गंगी के पात्र को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, अलगू के पात्र को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला. ईदगाह में हामिद का पात्र निभाने वाले नन्हें कलाकार का चयन विशेष पुरस्कार के लिए हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक अशोक पांडे, निभा सिन्हा, रीता भूसाल , आनंद,सुमोना पाणी अहम योगदान रहा।

**इन टीमों ने लिया हिस्सा**

टीम के नाम रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवासदन और प्रेमाश्रम
इन टीमों को मिला पुरस्कार
विजेता सेवा सदन, उपविजेता प्रेम आश्रम

# संत निरंकारी मिशन का महिला संत समागम आयोजित



अतिथीयो के स्वागत को गेट पर खड़ी महीलाय ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA: राउरकेला। संत निरंकारी मिशन की प्रमुख सद्गुरु माता सुदीक्षा के आदेशानुसार रविवार सुबह संत निरंकारी सत्संग भवन, राउरकेला के प्रांगण में जोन स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन किया गया है। इस बैठक में ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे जाजपुर, अंगुल, झारसुगुड़ा, बुर्ला, संबलपुर, सुंदरगढ़, बेलपहाड़, जलडेगा और राजगांगपुर से 1200 से अधिक संत महात्माओं ने भाग लिया। संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित सत्संग के माध्यम से मानव समाज को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# पवार क्या करेंगे

अगर आखिरी पलों में कोई अप्रत्याशित बदलाव न हुआ तो मंगलवार को पुणे में राजनीति अपनी एक दिलचस्प तस्वीर पेश करेगी। उस दिन वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार दिया जाना है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तो मौजूद रहेंगे ही, सरकार का हिस्सा बन जाने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी स्वाभाविक ही इसमें प्रमुखता से शिरकत करेंगे। यही नहीं, जिन चाचा से अलग होकर अजित पवार सरकार में गए हैं और जो शरद पवार लाख मनाने के बाद भी अपना खेमा बदलने को अभी तक तैयार नहीं दिख रहे, वह भी इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मंच पर बैठे नजर आएंगे। मजे की बात यह कि कई सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने प्रधानमंत्री के पुणे आगमन का विरोध करने और उन्हें काले झंडे दिखाने का भी कार्यक्रम रखा है, जिसमें ठउढ के शरद पवार धड़े के लोग भी होंगे। यानी कार्यकर्ता विरोध में और नेता मंच पर। विपक्षी खेमे के किसी नेता ने अब तक इस मसले पर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन मीडियाकर्मियों से बातचीत में वे अपनी चिंता सामने रख रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ऐसा करने से लोगों में विपक्षी एकता को लेकर गलत संदेश जा सकता है। सीनियर पवार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, लेकिन कार्यक्रम में किसी बदलाव का संकेत भी नहीं दिया गया है। देखना होगा कि विपक्षी खेमा इस मसले से कैसे निपटता है। लेकिन इसका एक और पहलू गौर करने लायक है। अगर प्रदेश राजनीति के संदर्भ में देखें तो अपनी पार्टी में टूट-फूट के बाद खुद शरद पवार के लिए यह जरूरी हो गया है कि वे अपने संभावित रुख को लेकर किसी तरह का संदेह न रहने दें। खासकर इसलिए भी कि भतीजे अजित पवार और उनके सहयोगी आम लोगों के बीच यह संदेश देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि सीनियर पवार की सहानुभूति वास्तव में उनके साथ है। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से पार्टी कार्यकताओं और वोटरों का अधिकाधिक हिस्सा उनके साथ बना रह जाएगा। दूसरी तरफ शरद पवार हैं कि अजित के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों के मद्देनजर उनके खिलाफ कोई सख्त बयान तक नहीं दे रहे। तो क्या अब भी वह बीच की कोई राह निकालने की कोशिश में हैं, जिससे पार्टी में दिख रही फूट दूर हो जाए? अगर ऐसा हुआ तो खुद शरद पवार उस तरफ चले जाएंगे या अपने लोगों को इस तरफ खींचेंगे? राजनीति खासकर सीनियर पवार की राजनीति के लिए दोनों में से किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। इस शैली के अपने नुकसान भी हैं लेकिन जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद के तमाम पुल एक-एक कर ध्वस्त हो रहे हैं, शरद पवार अपनी इसी राजनीति के बूते सभी पक्षों में प्रासंगिक बने हुए हैं।

# दोषियों को मिले सजा

मणिपुर में सरकार के कुछ हालिया कदम गौर करने लायक हैं। दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड और उनके साथ गैंगरेप के चर्चित मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यहां यह बात गौर करने लायक होगी कि इस जांच में क्या निकलता है और दोषि?ों को सजा होती है या नहीं। दरअसल, देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं, जहां ऐसी जांच का कोई नतीजा ही नहीं निकला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में कहा है कि राज्य में तमाम विक्टिम्स को साइकॉलजिकल, मेडिकल और लीगल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिस तरह से यह मामला विडियो वायरल होने के बाद ही सबके संज्ञान में आया और राज्य सरकार की हर तरफ किरकिरी हुई, उसके मद्देनजर अब सभी पुलिस थानों के लिए यह अनिवार्य बना दिया गया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आएं उनकी सूचना पुलिस महानिदेशक (ऊ्रद्ध) को दी जाए। इसके अलावा केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से यह अनुरोध भी किया है कि इस मुकदमे को दूसरे राज्य में ट्रांसफर कर दिया जाए ताकि सही माहौल में इसकी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार का यह भी कहना है कि हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं और 18 जुलाई के बाद से किसी हिंसक घटना में मौत की खबर नहीं है। हालांकि इन कदमों के मद्देनजर अब सरकार पर कुछ न करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता, लेकिन उसके इन कदमों की अहमियत नापने की तीन बड़ी कसौटियां आज की तारीख में बनती हैं। पहली तो यह कि राज्य के हालात यहां से आगे किस तरह के रहते हैं। अगर वहां शांति कायम रहती है और गोलीबारी की जिन छिटपुट घटनाओं की रिपोर्ट आ रही है वे भी रुक जाती हैं, लोग धीरे-धीरे घरों में सामान्य जीवन बिताने लगते हैं तो इन कदमों की सार्थकता मानी जा सकती है। दूसरी बड़ी कसौटी सुप्रीम कोर्ट है। चूंकि वायरल विडियो सामने आते ही सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वतःसंज्ञान लेते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई को कहा और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य तमाम कदम उसके बाद उठाए गए, इसलिए सही हो या गलत, पर यह आम धारणा बनी कि सरकार के इन कदमों के पीछे वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ही है। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को इन तमाम कदमों की जानकारी दे दी है। ऐसे में देखना होगा कि वह इनसे कितना आश्वस्त होता है। सरकार के इन कदमों की तीसरी सबसे बड़ी कसौटी सामान्य तौर पर देश की संसद ही होती क्योंकि संसद का मॉनसून सत्र अभी चल रहा है।

# सावन का महीना और यादों में झूले...

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

**झूला झूलने के दौरान गाए जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों और मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे। सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिए इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से है। श्रीकृष्ण-राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देतें है।**

पड़ गए झूले सावन रुत आई रे, सीने में हूक उठे अल्लाह दुहायी रे...। ऐसे गाने सावन आते ही लोगों की जुबान पर खुद-ब-खुद आ जाते हैं। पहले सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। सावन और भादो का महीना हमें प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूला झूलने के दौरान गाए जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों और मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे। सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिए इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से है। श्रीकृष्ण-राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देतें है। सावन शुरू हो गया है, लेकिन इसका अहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेहंदी लगाने की परंपरा फिर गीत गाना सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परम्परा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधनों का होना भी हैं। सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बाग-बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। अब बिना झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। वन माफिया के चलते गांवों में भी बाग-बगीचे नहीं बचे हैं, जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके। गांवों की बुजुर्ग महिलाएं बताती हैं कि सावन आते ही बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। त्योहार में बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा तो आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती है। दस साल पहले तक रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता था। गांवों के पेड़ों पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा राजस्थान में तो आज भी चली आ रही है। समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा जरूर अभी भी निभाई जा रही है।सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक यौगिक क्रिया भी है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ-पैर और पीठ-रीढ़ का व्यायाम हो जाता है। अब वक्त ने ऐसी करवट ली है कि सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नहीं होता है। झूले की परम्परा लुप्त होने के साथ ही सावन भादो की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमें लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है। आधुनिकता की दौड़ में प्रकृति के संग झूला झूलने की बात अब कहीं नहीं दिखती है। आज से दो दशक पहले तक झूलों और मेंहदी के बिना सावन की परिकल्पना भी नही होती थी। आज के समय में सावन के झूले नजर नहीं आने का कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई हैं। लोग अब घर की छत पर या आंगन में लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं। झूला झूलने के खत्म हुए रिवाज के लिए गांवों में फैल रही वैमनष्यता भी जिम्मेदार हैं। पहले गांव के लोग हर बहन-बेटी को अपनी मानते थे लेकिन अब जमाना बदल गया है। जिसके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा जाता है वही भक्षक बन जाता है। बाग-बगीचों के खात्मे के साथ जहां मोर-पपीहों की संख्या घटी है वहीं भाईचारे में कमी आई है। नतीजतन झूला-झूलने की परम्परा को ग्रहण लग गया है। पहले संयुक्त परिवार में बड़े-बूढ़ों के सानिध्य में लोग एक दूसरे के घरों में एकत्रित होते थे। आज बढ़ती एकल परिवार की प्रवृति ने आपसी स्नेह को खत्म कर दिया है। महिलाएं सामुदायिक केंद्रों में जाकर पर्व मनाती हैं। शहरों में अब झूले डालने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। अब तो पारम्परिक पहनावा भी आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है। अब छुट्टी के दिन लोग परिवार के साथ बाग-बगीचों में जाकर सावन का त्यौहार मनाने की रस्म पूरी करते हैं। वर्षा ऋतु में सावन की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गई हैं। अब प्रकृति के साथ जीने की परम्परा भी थमती सी जा रही है।



**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# आज भी प्रासंगिक है प्रेमचंद का साहित्य

महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का साहित्य कालजयी है। उन्होंने देश और समाज के बारे में गंभीर चिंता करते हुए अपनी लेखनी चलाई। समाज की जटिलताओं को कहानी और उपन्यासों के माध्यम से जिस प्रकार से प्रस्तुत किया है, उसके बारे में निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वे आज भी समसामयिक लगती हैं। कहा जाता है कि साहित्य वही है जो हमेशा प्रासंगिक बना रहे। प्रेमचंद ने समाज आधारित साहित्य की रचना की। जो आज भी नवोदित साहित्यकारों के लिए एक सार्थक दिशा का बोध कराता है। वास्तव में प्रेमचंद की रचनाएं समाज का दर्पण हैं। प्रेमचंद जी साहित्यकारों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि साहित्यकार का काम केवल पाठकों का मन बहलाना नहीं है। यह तो भाटों और मदारियों, विदूषकों और मसखरों का ही काम है। साहित्यकार का पद इससे कहीं ऊंचा है, वह हमारा पथ प्रदर्शक होता है। वह हमारे मनुष्यत्व को जगाता है। हमारे सद्भावों का संचार करता है। हमारी दृष्टि को फैलाता है। प्रेमचंद ने केवल मनोरंजन के लिए साहित्य रचना नहीं की, बल्कि अपनी रचनाओं द्वारा समाज को नयी रूपरेखा, नये आदर्शों मे ढालने का प्रयास किया। उनके सृजन कर्म का उद्देश्य साहित्य के द्वारा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देने और एक ऐसे शोषण विहीन समाज की रचना करना था, जिसका आधार स्वतंत्रता हो। प्रेमचंद अपने साहित्य रचना के माध्यम से इस उद्देश्य में सफल रहे हैं। कथा और उपन्यास सम्राट प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर से चार मील दूर लमही नामक गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम अजायब राय और माता का नाम आनंदी देवी था। प्रेमचंद ने साहित्य की अनेक विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर प्रसिद्ध बांग्ला उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने इन्हें उपन्यास का सम्राट कहकर संबोधित किया। प्रेमचंद ने नाटक, उपन्यास, कहानी, समीक्षा, लेख, संस्मरण संपादकीय आदि विधाओं में साहित्य का सृजन किया, पर उन्हें ख्याति कथाकार के रूप में प्राप्त हुई। अपने जीवनकाल में ही वे उपन्यास सम्राट की उपाधि से भी सम्मानित हुए। प्रेमचंद ने सन 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के पहले सभापति के रूप में संबोधन किया। उनका यही भाषण प्रगतिशील आंदोलन के घोषणापत्र का आधार बना। प्रेमचंद की भाषा हिंदी उर्दू मिश्रित थी। अलंकारों और मुहावरों ने उन्हें सजीवता प्रदान की। इनकी भाषा के कारण इनकी रचना के सभी पात्र व चरित्र हमारे समक्ष सजीव हो उठते हैं। यही इनकी भाषा की सबसे बड़ी ताकत है। इनकी भाषा सहज सरल एवं बोधगम्य है। साहित्य एक विराट उद्देश्य को लेकर चलने वाली विधा है और उसमें मनुष्य के सामाजिक जीवन को अधिक सूक्ष्मता एवं विस्तार से जांचा परखा जाता है। उपन्यास साहित्य की सशक्त एवं प्रवाहमय धारा है। मनुष्य चरित्र के अनेकानेक चित्र प्रस्तुत करने के लिए सबसे अधिक विकल्प उपन्यासकार के पास ही होते हैं। प्रेमचंद के उपन्यास व्यष्टि और समष्टि की सटीक व्याख्या करते हैं। उसमें मनुष्यों की सैद्धांतिक जटिलताओं और प्रपंचों से मुक्ति पाने का संदेश दिया गया। उनके उपन्यास सहजता व सरलता का प्रसार करते हैं। प्रेमचंद के उपन्यासों की रचना उस दौर में हुई, जब भारत सरकार में अंग्रेजी राज और उसके अत्याचार चरम पर थे। उनके उपन्यास में तत्कालीन घटनाएं सजीवता के साथ चित्रित की गयी हैं। प्रेमचंद ने अपने समय में साहित्य और समाज के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभायी, जिससे आम आदमी के मन में भी साहित्य के लिए भरोसा पैदा हुआ। प्रेमचंद ने अपना साहित्य मानव जीवन के उत्थान को ध्यान में रखते हुए लिखा। लोक संस्कृति के ऐतिहासिक संदर्भों एवं परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए प्रेमचंद ने ग्रामीण जीवन की अनेक प्रवृतियां, सादगी और उनके जीवन दर्शन को अपने उपन्यास में अभिव्यक्त किया है। प्रेमचंद ने अपने उपन्यास गोदान में देश के किसानों के जीवन और उनके संघर्ष को मार्मिक संवेदनाओं के साथ चित्रित किया है। गोदान उपन्यास में किसान की नैया भूख और गरीबी के बीच झूलती रहती है। मगर फिर भी वह जरा भी विचलित नहीं होता, वह अपने आपको परिस्थितियों से घिरा नहीं मानता। गोदान में होरी का चरित्र भारतीय किसान को बड़ी ही सहजता से निरूपित करता है। गोदान में होरी की मृत्यु एक प्रतीक के रूप में ही है। जो किसान संस्कृति की अमरता और शाश्वतता के लिए चिर संघर्ष की चेतना का उद्घोष करता है। इसलिए गोदान उपन्यास का विश्व साहित्य मे एक महत्वपूर्ण स्थान है। गोदान में प्रेमचंद ने एक किसान को उपन्यास का नायक बनाकर प्रस्तुत किया है। गोदान भारतीय जीवन साहित्य की अनुपम कृति है। प्रेमचंद चाहते थे कि देश की सभी माताएं अपने बेटों को वीरोचित संस्कार दें। प्रेमचंद ने अपने नारी पात्रों में देशभक्ति का एक उच्चतम शिखर दिखाया है। रंग भूमि में जान्हवी को यह मंजूर नहीं था कि उनका बेटा वीरों जैसी जिंदगी की बजाय प्रेम संबंधों में अपना ध्यान लगाए। विनय द्वारा सोफिया के नाम पत्र लिखा देखकर वह सोफिया को धिक्कारती हुई उससे कहती है मैं विनय को ऐसा मनुष्य बनाना चाहती है जिस पर समाज को गर्व हो। मैं अपने बेटों को सच्चा राजपूत बनाना चाहती हूं। आज वह किसी की रक्षा के निमित अपने प्राण दे तो मुझसे अधिक भाग्यवती संसार में न होगी। प्रेमचंद सबसे पहले उपन्यासकार है, जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलिस्मी दुनिया से बाहर निकाला और अपनी रचनाओं में जन साधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिकता के साथ चित्रण किया। प्रेमचंद एक सच्चे समाज सुधारक थे।

# आम आदमी के साहित्यकार

आधुनिक हिन्दी साहित्य के पितामह और उपन्यास और कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने अपने लेखन के माध्यम से न सिर्फ दासता के विरुद्ध आवाज उठाई बल्कि लेखकों के उत्पीड़न के विरुद्ध भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने उपन्यासों और कहानियों के अलावा नाटक, समीक्षा, लेख, संस्मरण इत्यादि कई विधाओं में साहित्य सृजन किया। प्रेमचंद ऐसे कहानीकार और साहित्यकार हैं, जिन्हें आज भी सबसे ज्यादा पढ़ा जाता है। उन्हें 'आम आदमी का साहित्यकार' भी कहा जाता है। चूंकि उनकी लगभग सभी कहानियां आम जीवन और उसके सरोकारों से ही जुड़ी होती थी, इसीलिए उनके सबसे ज्यादा पाठक आम लोग रहे हैं। दरअसल उन्होंने अपने सम्पूर्ण साहित्य लेखन में गरीब आदमी की पीड़ा को न केवल समझा बल्कि अपनी कहानियों और उपन्यासों के जरिये उसका निदान बताने का प्रयास भी किया। उन्होंने अपनी लगभग सभी रचनाओं में आम आदमी की भावनाओं, उनकी परिस्थितियों, समस्याओं तथा संवेदनाओं का मार्मिक शब्दांकन किया। आज भी हिन्दी भाषी दिग्गज लेखकों और साहित्यकारों का यही मानना है कि मुंशी प्रेमचंद जैसा कलमकार हिन्दी साहित्य में न आज तक कोई हुआ है और न होगा। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने समाज को सदैव रूढ़िवादी परम्पराओं और कुरीतियों से निकालने का प्रयास किया। उन्हें 'हिन्दी साहित्य का माइल स्टोन' भी कहा जाता है। कम ही लोग यह जानते हैं कि जो मुंशी प्रेमचंद हिन्दी लेखन के लिए इतने विख्यात रहे हैं, उन्होंने अपने लेखन की शुरूआत उर्दू से की थी। अपना पहला साहित्यिक कार्य उन्होंने गोरखपुर से उर्दू में शुरू किया और 1909 में कानपुर के 'जमाना प्रेस' से उर्दू में ही उनका पहला कहानी संग्रह 'सोज ए वतन' प्रकाशित हुआ था, जिसकी सभी प्रतियां ब्रिटिश सरकार द्वारा जब्त कर ली गई थीं। उस समय वे उर्दू में 'नबावराय' के नाम से लिखते थे। उनका लिखा कहानी संग्रह जब्त करने के बाद 'जमाना' के सम्पादक मुंशी दयानारायण ने उन्हें परामर्श दिया कि भविष्य में अंग्रेज सरकार की नाराजगी से बचने के लिए नवाब राय के बजाय वे नए उपनाम 'प्रेमचंद' के नाम से लिखना शुरू करें। इस प्रकार वे नवाब राय से प्रेमचंद बन गए। उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लमही गांव के डाक मुंशी अजायबलाल के घर 31 जुलाई 1880 को जन्मे धनपत राय श्रीवास्तव उर्फ मुंशी प्रेमचंद की आज (सोमवार) हम 143वीं जयंती मना रहे हैं। प्रेमचंद वकील बनना चाहते थे लेकिन आर्थिक तंगी के चलते उनका वह सपना पूरा नहीं हो सका। मुंशी प्रेमचंद विधवा विवाह के पक्षधर थे और इसी कारण उन्होंने पहली पत्नी के निधन के बाद समाज के विरुद्ध जाकर वर्ष 1905 में 25 साल की आयु में शिवरानी नामक एक बाल विधवा से विवाह किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों में बदलाव आया। वैसे तो उन्होंने 13 वर्ष की उम्र में लेखन कार्य शुरू कर दिया था लेकिन उनके लेखन में परिपक्वता शिवरानी से विवाह के बाद ही आई थी, जिससे उनके लेखन की मांग बढ़ने लगी। उनकी दूसरी पत्नी शिवरानी ने ही बाद में उनकी जीवनी लिखी थी। अपने जीवन के आखिरी दिनों में प्रेमचंद जलोदर नामक बीमारी से ग्रसित हो गए थे और 8 अक्तूबर 1936 को दुनिया से अलविदा हो गए। मुंशी प्रेमचंद एक दिन बालेमियां मैदान में महात्मा गांधी का भाषण सुनने गए और उनके विचारों से इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और उसके बाद पूरी तरह से स्वतंत्र लेखन में जुट गए। अपने जीवनकाल में मुंशी प्रेमचंद ने कुल 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें और हजारों की संख्या में लेखों व संस्मरणों की रचना की।

## Social Media Corner

सच के हक में...



कांग्रेस ने दशकों तक देश में शासन किया लेकिन गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया। मोदी जी ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये हैं इसलिए आज पूरे देश में वो 'गरीबों के मसीहा' के रूप में जाने जाते हैं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



पलामू के चैनपुर के अलावा रांची में भी मुहर्रम के दिन जिस प्रकार से राष्ट्रध्वज का अपमान किया गया, वो अकल्पनीय है। झारखंड में अलगाववादी और जिहादी ताकतें पैर पसार रही हैं। आने वाले वक्त में झारखंड के हालात बंगाल से भी ज्यादा भयावह होने वाले हैं। अलगाववादी ताकतें झारखंड से आदिवासियों का अस्तित्व, संस्कृति और पहचान समाप्त कर देगी। हेमंत सोरेन और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



संविदाकर्मियों के साथ अन्याय में निजी और सरकारी क्षेत्र बराबर दोषी हैं। यह प्रथा संविधान विरोधी है, गुलामी प्रथा का तरह हो गया है, भ्रष्टाचार एवं अमानवीयता का प्रतीक बन गया है। कैबिनेट निर्णय की आड़ में इसे वैध न बताएं। ओड़िसा की तरह झारखंड सरकार भी इनका समायोजन करे।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



झारखंड शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के पूर्व प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति कक्षा एक से लेकर कक्षा 8 तक के लिए किया गया है। पीरामल फाउंडेशन के द्वारा निर्मित ट्रांसफर पोर्टल ऐप पर 2012 के पूर्व सभी शिक्षकों को (कक्षा से 1 से कक्षा 5 तक के लिए) पूर्व प्राथमिक शिक्षक के रूप में दशार्या गया है। इसके बारे में शिक्षकों का कहना है कि यह सेवा शर्तों के विरुद्ध है। ट्रांसफर पोर्टल में राज्य के विभिन्न जिलों में दर्शाए जा रहे सरप्लस शिक्षकों में भी कई कमियां विभाग के द्वारा की गई हैं। इससे राज्य के शिक्षकों में रोष व्याप्त है। सभी 1 से 8 के शिक्षकों को कक्षा 1 से 5 में दर्शाए जाने से पूर्व प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के विरुद्ध रिक्ति में गलत गणना किया जाना, शत-प्रतिशत ऊर्दू बच्चे वाले विद्यालय में एक मात्र पदस्थापित ऊर्दू शिक्षक को भी सरप्लस शिक्षक के सूची में किया जाना त्रुटियों को दशार्ता है। विद्यालयों में सरप्लस शिक्षकों का आधार पूरे विद्यालय के छात्र संख्या के आधार पर होना चाहिए न कि कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 के आधार पर, विद्यालयों में कक्षा के अनुपात में शिक्षकों की संख्या निर्धारित होनी चाहिए, इसके बाद ही छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षकों की संख्या जैसे अनेकों हास्यास्पद खामियां वर्तमान ट्रांसफर पोर्टल में व्याप्त है। इसमें अविलंब संशोधन किए जाने की जरूरत है। दूसरी ओर शिक्षक संघों की ओर से अंतर जिला अथवा गृह जिला स्थानांतरण यथाशीघ्र संपन्न करने की मांग बार-बार की जा रही है। इसके बाद ही विद्यालयों में वास्तविक शिक्षक रिक्तियों की गणना करने से जीरो एरर आंकड़ा उपलब्ध किया जा सकता है। संबंधित विभाग को चाहिए की त्रुटियों को दूर कर सहज व्यवस्था बनाए ताकि सही-सही आंकड़े दर्ज किए जा सकें। तभी इसका उपयोग सही तरीके से हो सकेगा।

**तनवीर आलम, युवा नेता आजसू पार्टी।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज की टीमें मंगलवार को यहां के ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेंगी। दोनो ही टीम को लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा। भारतीय टीम ने पहला जबकि वेस्टइंडीज ने दूसरा मैच जीता था। इससे अभी सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

दूसरे एकदिवसीय में भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली को आराम देते हुए युवा खिलाड़ियों का उतारा था पर उसका यह प्रयोग सफल नहीं है। मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों रोमारियो शेफर्ड और गुडाकेश मोती ने हार्दिक हार्दिक पंड्या की कप्तान में उतरी टीम को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया और मुकाबला जीता लिया। भारतीय टीम दूसरे एकदिवसीय में गेंदबाजी में भी कमजोर रही। केवल शार्दुल ठाकुर ही तीन विकेट लेकर प्रभावी गेंदबाजी कर पाये। कप्तान शाई होप ने ओर युवा कीसी कार्टी ने बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी टीम को इस मैच में जीत दिलायी थी।

इस मैच में भारतीय टीम को दूसरे एकदिवसीय से सबक लेते हुए प्रभावी प्रदर्शन करना होगा

कैरेबियन में पिचें बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं हैं और ब्रायन लारा स्टेडियम में पिछले तीन मैचों में से एक भी मैच 200 रन का आंकड़ा पार करने में सफल नहीं रहा। धीमी और नीची होने की आशंका के कारण पिच स्पिनरों को काफी सहायता प्रदान करेगी जो टर्निंग हालातों का फायदा उठा सकते हैं और उछाल की कमी से लाभ उठा सकते हैं। इस पिच पर तेज गेंदबाज असरकारी हो सकते हैं।

अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज में भारतीय टीम युवाओं को अवसर दे रही है।

अब तक संघर्ष करते दिख रहे सूर्यकुमार यादव का लक्ष्य इसमें बड़ा स्कोर बनाना रहेगा। वहीं कई बार वापसी करने के बावजूद प्रभावित नहीं कर सके सैमसन के पास भी रन बनाने का अंतिम अवसर है। नंबर पर उतर सकते हैं।

युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने



अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को लय में आना होगा। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाये हैं। इसके अलावा गेंदबाजी में युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को भी अभी तक विकेट नहीं मिला है।

चाइनामैन कुलदीप यादव ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। वहीं मेजबान वेस्टइंडीज की टीम इस सीरीज को जीतकर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी। वह पहले ही एकदिवसीय विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं करने के कारण निराश है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), शार्दुल ठाकुर, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, एलिक अथानाजे, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायेर, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, काइल मायर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिनक्लेयर, ओशाने थॉमस।

## फीफा महिला विश्व कप: स्पेन को हराकर ग्रुप-सी के शीर्ष पर जापान



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में सोमवार को स्पेन को 4-0 से हराकर ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में हिनाटा मियाजावा (12वां, 40वां मिनट) ने विजेता टीम के दो गोल किए, जबकि रिको युकी (29वां मिनट) और मिना तनाका (82वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। जापान को टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दिलाने वाली मियाजावा ने 12वें मिनट में स्पेन की बैकलाइन में जगह बनाई और जुन एंडो के पास की मदद से गोल दागकर अपनी टीम का खाता खोला। युकी ने स्पेन की सेंटर-बैक इरेने परेडेस को छकाकर 29वें मिनट में यह बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में स्पेन ने 77 प्रतिशत समय तक गेंद पर कब्जा रखा लेकिन यूरोपीय टीम एक बार भी गोल करने का मौका नहीं बना सकी। पहला हाफ खत्म होने से पहले मियाजावा ने युकी से पास लेकर जापान का तीसरा गोल कर दिया। जापान ने 3-0 की बढ़त लेने के बाद मुकाबले में सहजता दिखाई और स्पेन को अपने अर्द्ध में पहुंचने के कम मौके दिये। तनाका ने 82वें मिनट में गोल दागकर जापान की विशाल जीत पर मुहर लगा दी। जापान ने पहले चरण में बिना कोई गोल दिये अपने सभी मुकाबले जीते हैं। सुपर-16 में जापान का सामना नॉर्वे से, जबकि स्पेन का मुकाबला स्विट्ज़रलैंड से होगा। दिन के दूसरे ग्रुप-सी मुकाबले में ज़ाम्बिया ने कॉस्टा रिका को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी अंत किया। ज़ाम्बिया की पहली विश्व कप जीत में लुशोमो म्विंबा (तीसरा मिनट), बारबरा बांडा (31वां मिनट) और रेचल कुंदानंजी (90+3वां मिनट) ने गोल किए। डैफनी मोंगे (47वां मिनट) के गोल के बावजूद कॉस्टा रिका इस टूर्नामेंट में जीत का स्वाद नहीं चख सकी।

## ब्रॉड के संन्यास लेने से दुखी हैं एंडरसन

**द ओवल (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अपने साथी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने से दुखी हैं। एंडरसन और ब्रॉड की जोड़ी विश्व क्रिकेट में काफी अच्छी मानी जाती है। इसके साथ ही इन दोनो में गहरी दोस्ती भी है। ये जोड़ी टेस्ट क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल जोड़ी मानी जाती है। इस जोड़ी ने कुल मिलकर 1037 विकेट लिए हैं। अपने जूनियर साथी के संन्यास की घोषणा से एंडरसन भावुक होकर रोने लगे। इतने लंबे समय तक एक साथ खेलने के बाद ब्रॉड का संन्यास जेम्स एंडरसन के लिए एक भावुक क्षण है। जब मैच के चौथे दिन एंडरसन से ब्रॉड के संन्यास के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हां, निश्चित रूप से मुझे उनकी कमी खलेगी। वह मेरे सबसे अच्छे साथी रहे हैं और वह हर समय मेरे लिए मौजूद रहे। यह कहते हुए एंडरसन भावुक हो गये।

गौरतलब है कि ब्रॉड ने इंग्लैंड के लिए 167 टेस्ट मैच, 121 एकदिवसीय और 56 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल 845 से अधिक विकेट लिए हैं। ब्रॉड ने 2007 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। ब्रॉड ने कहा कि यह उनके लिए अहम था कि उनका अंतिम मैच एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हो, जिसे वह टेस्ट क्रिकेट का शिखर मानते हैं। ब्रॉड ने इसके बाद कहा, एशेज क्रिकेट ने मेरे अंदर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकाला है। मुझे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में होने वाली प्रतिस्पर्धा से लाभ हुआ। इस दौरान दर्शकों के हौंसला बढ़ाने का भी फायदा मिला।

# अब एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में 14 अक्टूबर को खेला जाएगा भारत-पाक मुकाबला

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में होने वाला अहम मुकाबला अब 15 अक्टूबर की जगह एक दिन पहले 14 अक्टूबर को रखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और आईसीसी ने मैच की तारीख में ये बदलाव सुरक्षा एजेंसियों की सलाह के बाद किया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मैच की तारीख में बदलाव इसलिए करना पड़ा है क्योंकि 15 से ही नवरात्रि शुरु होने वाली है। गुजरात में इस दौरान गरबा का आयोजन होता है, ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों ने कहा था कि मैच के



लिए सुरक्षा के इंतजाम करने में परेशानी आयेगी हालांकि अब तक मैच की तारीखों में बदलाव की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं इस रिपोर्ट के अनुसार कार्यक्रम में कुछ और भी बड़े बदलाव हुए हैं। सारे बदलावों की घोषणा अभी होनी है। वहीं पुराने कार्यक्रम के अनुसार 14 अक्टूबर को इंग्लैंड और अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच डबल हेडर मुकाबला खेला जाना था।

सुरक्षा ऐजेंसियों का कहना था कि 15 अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इसके कारण देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं। वहीं भारत-पाक के मैच में भी कुछ ऐसा ही माहौल रहेगा। ऐसे में एक साथ लाखों लोगों की सुरक्षा को लेकर समस्या पैदा हो सकती थी। जिसके बाद से ही बीसीसीआई नई तारीखों पर सोच-विचार कर रहा था।

**भारतीय टीम का नया कार्यक्रम :**

| तारीख | मैच | स्थल |
|---|---|---|
| 8 अक्टूबर | भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई |
| 11 अक्टूबर | भारत बनाम अफगानिस्तान | दिल्ली |
| 14 अक्टूबर | भारत बनाम पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| 19 अक्टूबर | भारत बनाम बांग्लादेश | पुणे |
| 22 अक्टूबर | भारत बनाम इंग्लैंड | लखनऊ |
| 2 नवंबर | भारत बनाम नीदरलैंड्स | मुंबई |
| 5 नवंबर | भारत बनाम साउथ अफ्रीका | कोलकाता |
| 11 नवंबर | भारत बनाम श्रीलंका | बेंगलुरु |

## आईपीएल में लगाये पांच छक्कों से बदला जीवन : रिंकू

मुम्बई । आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा है कि आईपीएल में खेली पारी ने एक ही रात में उनकी किस्मत दी है। रिंकू ने आईपीएल के 16 वें सत्र में केकेआर की ओर से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। उस मैच में रिंकू ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में गुजरात टाइटंस के गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर लगातार पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। रिंकू ने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के बाद उनकी जिंदगी ही बदल गयी है और अब वह एशियाई खेलों में टीम इंडिया की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित हैं जो 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होंगे। वहीं एक वीडियो में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर रिंकू के हवाले से दयाल के खिलाफ लगाये पांच छक्कों और टीम इंडिया के एशियाई खेलों की क्रिकेट टीम में शामिल होने के बारे में बात की है। जिसमें उन्होंने कहा, उन पांच छक्कों ने मेरी जिंदगी बदल दी है। वहीं एक वीडियो में रिंकू ने कहा, पहले लोग मुझे जानते थे पर उतना नहीं। उन पांच छक्कों के बाद उन्होंने मुझे और अधिक जाना शुरू कर दिया है। यह वास्तव में अच्छा लगता है। अब अकेले बाहर जाना कठिन है, इसलिए मैं कम ही बाहर जाता हूं। वहीं रिंकू ने कहा कि वह एशियाई खेलों की टीम में अपना देखकर हैरान रह गये। उन्होंने कहा, जब मैंने अपना नाम देखा, तो मैं भावुक हो गया। मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा था।

## अगर भारत को सीरीज जीतनी है तो इन दो खिलाड़ियों को वापस आना चाहिए : आकाश चोपड़ा

मुंबई । भारत मंगलवार को त्रिनिदाद में तीसरे और अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। जहां मेहमान टीम ने शुरुआती गेम जीता, वहीं मेजबान टीम ने अगले मैच में छह विकेट से जीत के साथ सीरीज में बराबरी हासिल कर ली। भारत ने पिछले मैच में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया था और पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि अगर प्रबंधन को लगता है कि यही आगे बढ़ने का रास्ता है तो उन्हें प्रयोग जारी रखना चाहिए। आकाश चोपड़ा ने कहा, 'यदि आपको प्रयोगों के लिए श्रृंखला देखनी थी, तो रुकें क्यों? यदि आप इस दर्शन के साथ चल रहे हैं कि 'मैं बहुत सारे क्रिकेटरों को आजमाने जा रहा हूं, मैं उन खिलाड़ियों को मौका देने जा रहा हूं जिन्हें पर्याप्त खेल का समय नहीं मिला है।' क्यों बदलें ? आपने इसे पहले गेम में किया है, आपने इसे दूसरे गेम में किया है। 'उन खिलाड़ियों को अधिक मौके दें जिन्हें अतीत में पर्याप्त अवसर नहीं मिले हैं।' इसके बाद चोपड़ा ने विरोधी दृष्टिकोण पेश करते हुए कहा कि अगर टीम तीसरे वनडे और श्रृंखला जीतने की अपनी संभावनाओं को अधिकतम करना चाहती है, तो उन्हें अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को लाइन-अप में लाना होगा। उन्होंने कहा, 'इसका मतलब यह भी होगा कि संजू सैमसन या सूर्यकुमार यादव जैसे किसी को मौका देना बंद हो जाएगा, दोनों में से किसी एक को बाहर बैठना होगा। अक्षर पटेल को दूसरा मौका नहीं मिलेगा।' गेंदबाजी के मोर्चे पर, चोपड़ा नहीं चाहते कि भारत को दूसरे वनडे की तरह 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल करना पड़े। उन्होंने कहा, 'भारत के पास गेंदबाजी के बहुत सारे विकल्प हैं। जहां तक तेज गेंदबाजों की बात है तो उनके पास चार हैं। उन्होंने पिछले गेम में लगभग तीन मैच खेले थे। आपको गेंदबाजों के लिए अनुकूल सतह पर एकदिवसीय मैच खेलने के लिए सात विकल्पों की ज़रूरत नहीं है। ऐसी पिच पर जहां रन बनाना मुश्किल है और गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, आपको बदलने की जरूरत नहीं है।'

# विश्वकप के पहले टीम की असफलता से बढ़ी द्रविड और रोहित की परेशानी

**ब्रिजस्टोन (एजेंसी)।** विश्वकप से ठीक पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में टीम इंडिया की हार के बाद कप्तार रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। जिस प्रकार वेस्टइंडीज जैसे कमजोर टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी और गेंदबाजी असफल रही। उससे विश्वकप को लेकर टीम की तैयारियों की पोल खुल गयी है। टीम ने जहां पहले एकदिवसीय में 115 रनों का लक्ष्य हासिल करने में पांच विकेट गंवा दिये थे। वहीं दूसरे मैच में भी बल्लेबाज नाकाम रहे और 200 रन भी नहीं बना पाये। ईशान किशन के अलावा सभी बल्लेबाज विफल रहे। सूर्यकुमार फिर बड़ी पारी नहीं खेल पाये। संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने भी निराश किया। वेस्टइंडीज टीम कितनी कमजोर है उसका अंदाज इसी से लगता है कि वह इस बार विश्वकप के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पायी है। विश्व कप से पहले टीम को अब 10 ही खेलने हैं। ऐसे में टीम के खराब प्रदर्शन ने



कप्तान और कोच की चिंता बढ़ना लाजिमी है। टीम के लिए चिन्ता की बात ये है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अब तक रन नहीं बना पाये हैं। शुभमन ने पहले मैच में 7 तो दूसरे मैच में 34 रन बनाए. वे टेस्ट सीरीज में भी 50 रन की पारी नहीं खेल सके थे।

वहीं पहले मैच में नंबर-3 पर विराट कोहली की जगह बल्लेबाजी के लिए आये सूर्यकुमार यादव ने भी निराश किया जबकि दूसरे मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को अवसर दिया गया पर वह भी रन नहीं बना पाये। सूर्यकुमार ने 19 जबकि सैमसन ने 9 रन बनाए। इस प्रकार टीम का ये प्रयोग सफल नहीं रहा। सूर्या भी दोनों मैच में नाकाम रहे। ऐसे में वर्ल्ड कप में नंबर-3 की जिम्मेदारी पूर्व कप्तान विराट कोहली को ही निभानी होगी।

टीम के मिडिल ऑर्डर और खासकर नंबर-4 पर पहले मैच में हार्दिक पंड्या और दूसरे में अक्षर पटेल भी रन नहीं बना पाये। बतौर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या दोनों ही मैच में अपना प्रभाव नहीं दिखा पाये। . पंड्या गेंदबाजी में भी अब तक अधिकतम छह ओवर ही फेंक पाये हैं। ऐसे में वह विश्वकप में शायद ही 10 ओवर का कोटा पूरा कर सकें। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक भी नाकाम साबित हुए हैं। ऐसे में टीम को अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी का इंतजार है

## 2024 टी20 विश्व कप के लिए आयोजन स्थलों की जांच कर रही आईसीसी

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 के लिए अस्थायी रूप से चार से 30 जून की विंडो तय की है। इसके साथ ही आईसीसी की एक टीम ने अमेरिका के आयोजन स्थलों का निरीक्षण भी शुरु कर दिया है। इस बड़े आयोजन की मेजबानी के लिए अमेरिका की तैयारी के बारे को लेकर आशंकाएं थीं पर आईसीसी टीम ने इस सप्ताह मैचों की मेजबानी के लिए तय स्थानों का दौरा किया और इस की बातों को आधारहीन बताया। दल ने लॉडरहिल, फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, डलास और मॉरिसविले में स्टेडियमों का निरीक्षण किया। इसमें से लॉडरहिल ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की है। इसमें और 12 और 13 अगस्त को भारत और वेस्टइंडीज के बीच चौथा और पांचवां टी20 मैच भी खेला जाएगा। वहीं डलास (ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम) और मॉरिसविले (चर्च स्ट्रीट पार्क) के स्टेडियमों में इस समय मेजर लीग क्रिकेट मैच खेले जार रह हैं। इन दोनों मैदानों के अलावा न्यूयॉर्क के वान कॉर्टलैंड पार्क को अभी तक आईसीसी से अंतरराष्ट्रीय स्थल का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है, जो शीर्ष स्तर के क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए जरुरी है। न्यूयॉर्क के स्टेडियम की क्षमता 35000 दर्शकों की और विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मैच के मेजबान के रूप में तय किया गया है। इसकी बड़ी वजह इस शहर में बड़ी संख्या में प्रवासी रहते है। अभी तक हालांकि इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि स्टेडियम अभी भी तैयार हो रहा है। आईसीसी को उम्मीद है कि इस पर जल्द से जल्द इस पर काम किया जा सकता है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया कि आईसीसी को न्यूयॉर्क सिटी हॉल और मेयर का समर्थन प्राप्त है। इसलिए, हमें उम्मीद है कि काम समय पर पूरा हो जाएगा।

## शतरंज विश्व कप में खेलने उतरेंगी प्रज्ञानन्दा – वैशाली भाई बहन की जोड़ी

चेन्नई । भारतीय शतरंज में सबसे सफल भाई बहन की जोड़ी प्रज्ञानन्दा और वैशाली कल से विश्व कप खेलते नजर आएंगे, दोनों नें शतरंज ओलंपियाड में टीम पदक के अलावा व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीता था और ऐसा करने वाले दुनिया की पहली भाई बहन की जोड़ी बन गए थे, प्रज्ञानन्दा के पसंदीदा खिलाड़ी मैगनस कार्लसन है तो वैशाली के विश्वनाथन आनंद, हाल में ही प्रज्ञानन्दा नें शतरंज में 2700 का जादुई आंकड़ा पार किया है तो वैशाली नें तुर्की लीग में शानदार खेल दिखाते हुए ग्रांड मास्टर बनने की और कदम बढ़ाए है, विश्व कप के लिए वैशाली नें चेन्नई से तो प्रज्ञानन्दा नें हंगरी से रवाना होने के पहले चेसबेस इंडिया और पंजाब केसरी से खास बातचीत की । प्रज्ञानन्दा नें 2700 रेटिंग पार करने पर कहा की 'बड़े टूर्नामेंट में आमंत्रण मिलने के हिसाब से यह बेहद महत्वपूर्ण है, पर मेरे लिए यह एक पड़ाव है, मैं बहुत दिनो से ऐसा होने की उम्मीद कर रहा था पर आखिरकार यह हो गया पर अभी बहुत आगे जाने है तो अपनी यात्रा पर ध्यान लगा रहा हूँ ' आज भी वह खेल को कितना समय देते है इस सवाल के जबाब में उन्होने कहा 'यह इसके बारे में नहीं है मैं कितना समय शतरंज को देता हूँ बस मैं अच्छी योजना के साथ तैयारी करता हूँ और ट्रेनिंग की गुणवत्ता अच्छी रखता हूँ। अपने टीम मेट के बारे में बात करते हुए प्रज्ञानन्दा कहते है की ' गुकेश का आत्मविश्वास बहुत ज्यादा है साथ ही वह उन स्थितियों में बहुत अच्छा है जहां कोई भी गलतियाँ कर सकता है ऐसी स्थितियाँ जो नियंत्रण में नहीं रहती है अर्जुन की ओपनिंग बहुत अच्छी है वो बहुत सारी ओपनिंग खेलता है और उसे उसकी अच्छी समझ है, और निहाल ब्लिट्ज में एक शैतान बन जाता है। अपनी ट्रेनिंग के बारे में वह आरबी रमेश और विश्वनाथन आनंद दोनों का धन्यवाद करते है ।



## फाइनल में लौरा सीजमंड को हराकर शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जीता खिताब

वारसॉ। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने पोलैंड ओपन के फाइनल में लौरा सीजमंड को 6.0, 6.1 से हराकर इस साल का अपना चौथा खिताब जीत लिया। फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक ने टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। वह इस साल दोहा और स्टटगार्ट में भी खिताब जीत चुकी है। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने कहा, '' मैं अपनी टीम और परिवार को धन्यवाद देना चाहती हूं। यहां खेलना आसान नहीं था लेकिन मुझे खुशी है कि मैं जीत सकी।'' उन्होंने सेमीफाइनल में बेल्जियम की यानिना विकमायेर को 6.1, 7.6 से मात दी थी। खराब रोशनी के कारण शनिवार को बीच में रोके जाने के बाद यह मैच रविवार को ही पूरा हुआ।



## चेन्नई लायंस को हराकर गोवा चैलेंजर्स ने खिताब जीता

पुणे। अल्वारो रोबेल्स, हरमीत देसाई और रीथ टेनिसन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गोवा चैलेंजर्स ने कड़े फाइनल में रविवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई लायंस को 8-7 से हराकर अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे सत्र का खिताब जीता। हरमीत ने बेनेडिक्ट डुडा के प्रतियोगिता में अजेय अभियान को 2-1 की जीत के साथ रोका। रोबेल्स ने भारत के स्टार अचंत शरत कमल को 3-0 से हराया। टेनिसन ने इसके बाद बेहद दबाव भे अंतिम मैच में जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया।

# सिंधू, श्रीकांत को ऑस्ट्रेलिया ओपन में वापसी की उम्मीद, फोकस प्रणय और सेन पर

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन के जरिये अपने खराब फॉर्म को अलविदा कहना चाहेंगे। सुपर 500 टूर्नामेंट के तौर पर अपग्रेड किए गए इस टूर्नामेंट के जरिए सिंधू और श्रीकांत के पास अपना खोया फॉर्म फिर हासिल करने का यह आखिरी मौका है।

विश्व चैम्पियनशिप डेनमार्क के कोपेनहेगन में खेली जाएगी। 2019 विश्व चैम्पियन सिंधू चोट से उबरने के बाद फॉर्म में नहीं है और इस साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में जल्दी बाहर हो गई। इस साल सिंधू ने कोरियाई कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ लिया और नये कोच मोहम्मद हफीज हाशिम के आने से पहले साइ की कोच विधि चौधरी के साथ काम कर रही थी। लगातार टूर्नामेंटों के बीच अब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के पास समय नहीं है।

यहां पहले दौर में हमवतन अश्मिता चालिहा के खिलाफ खेलने से पहले उन्हें कोच के साथ अपनी रणनीति पर काम करना होगा। दोनों का सामना अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर 2022 इंडिया ओपन में ही हुआ है जिसमें सिंधू विजयी रही थी। इसके अलावा 2019 सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भी सिंधू ने चालिहा को हराया था। श्रीकांत भी इस सप्ताह जीत दर्ज नहीं कर सके। उन्होंने जापान ओपन में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन को हराया लेकिन भारत के ही एच एस प्रणय से हार गए।

जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ उन्हें अपनी गलतियों पर काबू रखना होगा। भारत के लिए इस सत्र में प्रणय, लक्ष्य सेन और दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में चार खिताब जीते लेकिन 21 से 27 अगस्त तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी के लिए यहां नहीं खेल रहे हैं।

प्रणय और सेन ने भी इस सत्र में खिताब जीते हैं। प्रणय तीन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब जीता। जापान में सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को वह हरा ही चुके थे लेकिन निर्णायक गेम में चूक हो गई। सेन ने इस सप्ताह दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को कड़ी टक्कर दी। प्रणय का सामना यहां हांगकांग के ली चियुक यू से होगा जबकि कनाडा ओपन विजेता सेन चीन के लू गुआंग जू से खेलेंगे।

प्रियांशु राजावत पहले दौर में आस्ट्रेलिया के नाथन टैंग से खेलेंगे। मिथुन मंजूनाथ का सामना सिंगापुर के लो कीन यू से होगा। आकर्षि कश्यप की टक्कर मलेशिया की गो जिन वेइ से होगी जबकि तसनीम मीर इंडोनेशिया की कोमांग आयु सी देवी से और मालविका बंसोड़ चीनी ताइपै की पाइ यू पो से खेलेगी। राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली महिला युगल में और रोहन कपूर तथा एन सिक्की रेड्डी मिश्रित युगल में उतरेंगे।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Tuesday, 01 August 2023

**बॉलीवुड हमेशा से अपनी ग्लैमरस और चमक-दमक वाली फिल्मों की दुनिया के लिए जाना जाता है. जबकि कुछ स्टार्स अपने असली नाम के साथ स्टारडम तक पहुंचे हैं, जबकि कुछ स्टार्स ने अपना नाम बदल लिया. चलिए आपको बताते है ऐसे सेलेब्स के बारे में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया.**

# बॉलीवुड के इन 9 स्टार्स ने फैंस से छुपाए अपने असली नाम



सलमान खान बॉलीवुड के भाई हैं. सलमान का नाम उनके पूरे नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान है. पिछली बार एक्टर फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आए थे और उनकी अपकमिंग मूवी टाइगर 3 है.



टाइगर श्रॉफ का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है. यह उनका निकनेम है, जिसे उनके पिता उन्हें प्यार से बुलाते हैं, जो उनके स्क्रीन नाम में बदल गया.



प्रीति जिंटा का असली नाम प्रीतम सिंह जिंटा था, लेकिन उन्होंने अपना नाम प्रीति जिंटा कर लिया था. बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस अपने बच्चों और पति के साथ लाइफ एंजॉय कर रही है.



कैटरीना कैफ का असली नाम कैटरीना टर्कोटे है, लेकिन उन्होंने इस बदलकर कैटरीना कैफ कर लिया था. भारत आने से पहले उन्होंने अपना उपनाम बदलकर कैफ रख लिया, जो उनके पिता का उपनाम है. बता दें कि उनकी अपकमिंग फिल्म टाइगर 3 है.



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का असली नाम राजीव हरिओम भाटिया है. अक्षय बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में से एक हैं. उनकी आने वाली फिल्म का नाम ओएमजी 2 है, जो 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है.



बी–टाउन की बेबी डॉल सनी लियोनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है. दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसक हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है.



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है, लेकिन उन्होंने अपना नाम बदल लिया. एक्ट्रेस फिल्मों से दूर है लेकिन वो रियलिटी शोज में नजर आती है. वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है.



साउथ स्टार रजनीकांत के चाहने वाले काफी है, लेकिन क्या आप उनका असली नाम जानते है. वास्तव में उनका नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था, लेकिन उन्होंने बदलकर रजनीकांत रख लिया.



बाहुबली फेम साउथ सुपरस्टार प्रभास का असली नाम उप्पलापति वेंकटा सूर्यानारायण प्रभास राजू है .एक्टर को फैंस प्रभास के नाम से ही जानते है. पिछले दिनों वो अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर चर्चा में थे.

# कमांडो 4 में अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी

## अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी फिल्म कमांडो 4 में एक बार फिर से भावना रेड्डी की भूमिका निभाएंगी। अदा शर्मा का कहना है कि वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी। विद्युत जामवाल के साथ कमांडो 2 और 3 में नजर आ चुकीं अदा ने कहा, हमने द केरल स्टोरी की रिलीज से पहले कमांडो की शूटिंग की थी। अदा ने कहा, मैं इस आधार पर प्रोजेक्ट नहीं चुनती कि यह किसी नए, अनुभवी अभिनेता या किसी लोकप्रिय व्यक्ति के साथ है। मैं जब भी किसी प्रोजेक्ट को चुनती हूं तो यह कभी भी निर्णायक कारक नहीं रहा है। मैं 'कमांडो 4' के ओटीटी वर्जन और फिल्म में भावना रेड्डी की भूमिका निभाऊंगी। वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी। अभिनेत्री ने कहा, मेरी पहली फिल्म 1920 थी और द केरला स्टोरी मेरी पिछली रिलीज थी। मुझ पर वास्तव में अद्भुत भूमिकाएं निभाने का भरोसा किया गया था और मैं इसके लिए धन्य महसूस करती हूं। मुझे उम्मीद है कि सभी प्रतिभाशाली अभिनेताओं को अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी ताकि वे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर सकें। फिल्म में अदा अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म के एक्शन निर्देशक एंडी लॉन्ग हैं जो अभिनेता और मार्शल आर्ट लीजेंड जैकी चैन के लिए कोरियोग्राफी करते हैं। अदा अगली बार एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। जब उस समय सुपरहीरो फिल्म की घोषणा की गई थी तो अदा ने कहा था, मैंने हमेशा महिला सुपरहीरो को बहुत अच्छा पाया है और मैं बस इतना कह सकती हूं कि हां, मैं अब एक भूमिका निभा रही हूं और मैं जल्द ही इसके बारे में और अधिक चीजें साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

# साउथ के सुपरस्टार प्रभास का फेसबुक पेज हुआ हैक



साउथ के सुपरस्टार प्रभास का फेसफुब एकाउंट किसी ने हैक कर लिया है। एक्टक की देश–विदेश में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्टर सोशल मीडिया पर ज्यादा कुछ नहीं बस अपनी प्रोफेशनल लाइफ की अपटेड शेयर करते हैं। प्रभास अपनी पर्सनल लाइफ को सोशल मीडिया से दूर रखते हैं। इन सबके बीच बड़ी खबर सामने आ रही है कि प्रभास का फेसबुक पेज हैक हो गया है। एक्टर ने खुद इस जानकारी को कंफर्म किया है। हैकर्स ने बीते गुरूवार 27 जुलाई को एक्टर का ऑफिशियल फेसबुक पेज हैक कर लिया था। पेज पैक करने के बाद हैकर्स ने प्रभास के अकाउंट से दो वायरल वीडियो अनलकी ह्यूमन और बॉल फेल्स अराउंड द वर्ल्ड टाइटल के साथ शेयर किए थे। यह सब देखने के बाद एक्टर ने ने अनाउंस किया की उनका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है। प्रभास ने यह जानकारी अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की है। एक्टर ने पोस्ट करते हुए लिखा– 'सभी को नमस्कार, मेरा फेसबुक पेज हैक हो गया है। टीम इसका निराकरण कर रही है।

# यामी गौतम की धूम धाम को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बेचे जाने पर मिली शानदार कीमत !

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम के निर्माता लंबे समय तक असमंजस में थे कि क्या वे फिल्म को थियेटरों में रिलीज करें या ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर। कई चर्चाओं के बाद, फिल्म को एक उच्च मूल्य पर एक ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म को बेच दिया गया है जिससे इसे सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकेगा।

ऐसे में इंडस्ट्री में मौजूद स्रोत के अनुसार, फिल्म के निर्माता (आदित्य धर, लोकेश धर, ज्योति देशपांडे) फिल्म को लेकर बेहद कॉन्फिडेंट हैं और उन्हें पता है फिल्म एक विनर बनकर निकलेगी, क्योंकि निर्माताओं ने कई सारे फोकस ग्रुप / ट्रायल स्क्रीनिंग का आयोजन किया है। इन सभी स्क्रीनिंग्स से एकमत सहमति मिली है, जिनमें अलग–अलग तरह के लोग शामिल हुए थे, और उनकी प्रतिक्रिया बेहद शानदार रही है। इस बार बहुत लंबे समय के बाद, दर्शकों के लिए एक बढ़िया, मजेदार फिल्म रिलीज होगी। यह एक परिवार–मनोरंजक, नए युग की कैपर कॉमेडी होगी, जो ऑडियंस के लिए एक ताजगी की हवा जैसी होने वाली है। आज के समय में जब ऑनलाइन पर इतने गहरे, इंटेंस कंटेंट है, ऐसे में यह फिल्म बेहद रिफ्रेशिंग अनुभव देने वाली है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई यामी गौतम स्टारर पिछली फिल्मों की तुलना में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकी है। इसका कारण पूरी तरह से यह है कि धूम धाम एक बहुत अच्छी फिल्म है और यामी के बढ़ते, डेडिकेटेड, लॉयल ऑडियंस हैं। यहाँ आज कल ओटीटी प्लेटफॉर्म भी फिल्मों को सीधे ओटीटी पर लेने से कतराते हैं, जबकि उनकी मेकर्स से शर्त होती है कि फिल्म को पहले थिएटर में रिलीज करें और फिर कुछ हफ्तों के बाद डिजिटल पर रिलीज करें। इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि यामी गौतम ने अभिनय में अपनी विश्वसनीयता साबित की है। हाल के दिनों में उन्होंने बेहद शानदार स्क्रिप्ट्स चुनी हैं, जैसे ए थर्सडे, दसवीं, लॉस्ट, और चोर निकलके भागा। वहीं, दूसरी तरफ प्रतीक गांधी भी स्कैम 1992 से प्रसिद्ध हुए हैं और उनकी अभिनय की प्रशंसा की जाती है। धूम धाम एक निर्माता के रूप में यामी गौतम का अपने पति आदित्य धर के साथ पहला सहयोग है। यह बाला के बाद कॉमेडी स्पेस में यामी गौतम की वापसी को भी चिह्नित करेगा, धूम धाम में यामी का शानदार प्रदर्शन है, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।





# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे सोनू सूद

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद के दरियादिल अंदाज से कौन नहीं वाकिफ। सब जानते हैं कि सोनू किसी को भी पीड़ित या दुखभरे हालत में नहीं देख पाते और तुरंत मदद के लिए हाज़िर हो जाते हैं। अब इन दिनों जब भारी बारिश के कारण बाढ़ से पंजाब राज्य के हाल बेहाल हो गए हैं तो ऐसे में सोनू सूद ने पीड़ितो के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। एक ट्वीट के जरिए एक्टर ने अपने राज्य के लिए बुरे हालातों पर चिंता जाहिर की है। सोनू सूद ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट डाली और लिखा– मेरे प्यारे पंजाब, मेरा दिल तुम्हारे लिए दुखता है। चूंकि बाढ़ ने उस भूमि पर कहर बरपाया है, जिसने मुझे बड़ा किया है, ऐसे में मैं बेकार खड़ा रहना बर्दाश्त नहीं कर सकता। पंजाब ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब वापस लौटने का समय आ गया है। सोनू सूद ने लिखा, साथ मिलकर इस तूफान का सामना करेंगे, पुनर्निर्माण करेंगे और जरूरतमंद साथी पंजाबियों के लिए मजबूत होकर उभरेंगे। अपने ट्वीट में एक्टर ने सूद चैरिटी फाउंडेशन का एक नंबर 78886–75107 भी जारी किया है और लिखा है कि कोई जरूरतमंद इस नंबर पर हमें एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजे। मदद उस तक पहुंचेगी। सोनू सूद का ये ट्वीट अब खूब वायरल हो रहा है और लोग उनके इस मददगार अंदाज की खूब सराहना कर रहे हैं।



# डबल आईस्मार्ट से ज़ुड़े संजय दत्त

राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल आईस्मार्ट की शूटिंग हाल ही में मुंबई में शुरू हुई। यह फिल्म सुपरहिट आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है, जिसमें राम के साथ प्रसिद्ध निर्देशक पुरी जगन्नाध और चार्ममे कौर द्वारा निर्मित है। फिल्म को लेकर उत्साह तब और बढ़ गया जब टीम ने आज एक बड़ा अपडेट जारी किया। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त डबल आईस्मार्ट के कलाकारों में शामिल हो गए हैं और फिल्म में एक पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 29 जुलाई को, निर्माताओं ने उनके चरित्र का नाम, बिग बुल, और फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया। यश की केजीएफ 2 के साथ अपने सफल अभिनय के बाद, संजय दत्त 2019 की सुपरहिट, आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी डबल आईस्मार्ट में राम पोथिनेनी के साथ दिखाई देंगे। फिल्म में उनके किरदार को बिग बुल के नाम से जाना जाएगा। शनिवार को उन्हें एक मनमोहक फर्स्ट–लुक पोस्टर के जरिए दर्शकों से परिचित कराया गया। उसी में, संजय ने अपना अल्ट्रा–स्टाइलिश अंदाज दिखाकर महफिल लूट ली। फंकी हेयरडू और दाढ़ी के साथ, वह झुमके, अंगूठियां, एक उत्कृष्ट घड़ी और एक आकर्षक चेहरे और उंगली टैटू से सजे एक तेज सूट में बिल्कुल डैशिंग लग रहा है।

# राणा दग्गुबाती व दुलकर सलमान ने कांथा के लिए मिलाया हाथ



एक्टर राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान आगामी बहुभाषी फिल्म कांथा में साथ काम करते नजर आएंगे। स्पिरिट मीडिया के फाउंडर राणा ने दुलकर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा, स्पिरिट मीडिया में, हम हमेशा अनूठी और आकर्षक कहानियों की तलाश में रहते हैं, और कांथा निस्संदेह उस दृष्टिकोण पर फिट बैठती है। दुलकर और वेफरर फिल्म्स के साथ काम करना और एक शानदार निर्देशक सेल्वमणि सेल्वराज से अनुभव प्राप्त करना वास्तव में फायदेमंद है और मेरे दोस्त दुलकर के लिए यह उनके लाखों प्रशंसकों के साथ उनका जन्मदिन मनाने के लिए टीम की ओर से एक शानदार उपहार है। कांथा में दुलकर को पहले कभी नहीं देखी गई भूमिका में दिखाया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज द्वारा किया जाएगा, जिनकी आगामी परियोजना द हंट फॉर वीरप्पन नामक एक अंतरराष्ट्रीय डॉक्यू–ड्रामा सीरीज 4 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। उन्होंने लाइफ ऑफ पाई में ऑस्कर विजेता निर्देशक एंग ली को भी असिस्ट किया था।

# सलमान ने किया खुलासा...



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान, जो वर्तमान में रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 2 को होस्ट कर रहे हैं, ने खुलासा किया है कि वह कई बार शो छोड़ने की धमकी देने के बाद भी वापस क्यों आ जाते हैं। सलमान का अपने फैंस के प्रति सच्चा प्यार और सराहना ही उन्हें हर बार वापसी के लिए मजबूर करती है। सलमान ने कहा, मेरे फैंस मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि और गौरव हैं! मैं जो कुछ भी हूं उनकी वजह से हूं। हां, मैं शो में अपना आपा खो देता हूं और कभी–कभी बाहर भी चला जाता हूं लेकिन मैं हमेशा केवल और केवल अपने फैंस के लिए वापस आता हूं, जो बड़ी ही बेसब्री के साथ मेरे वीकेंड का वार का इंतजार करते हैं। बिग बॉस एक भारतीय रियलिटी शो फ्रेंचाइजी है जो डच रियलिटी शो बिग ब्रदर पर बेस्ड है। बिग बॉस मूल रूप से हिंदी भाषा में शुरू किया गया था, और तब से इसे कन्नड़, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मराठी और मलयालम सहित भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाने वाली सात भाषाओं में विस्तारित किया गया है। सलमान 2010 में इसके सीजन 4 के साथ एक होस्ट के रूप में शो में शामिल हुए थे।